# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष: 13 | अंक: 48 | गौतमबुद्धनगर, बुधवार 17 जनवरी 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रुपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236




P- 3

सुपरटेक के एमडी को मिली अंतरिम जमानत



P- 4

जिलाधिकारी की अनूठी पहल, कलैक्ट्रेट में मातृत्व कक्ष की हुई शुरुआत



P- 5

किम जोंग उन ने दी दक्षिण कोरिया को नशे से मिटा देने की धमकी



P- 6

दीप्ति शर्मा को आईसीसी हश्वलेयर ऑफ द मंथ खिताब से नवाजा गया

# लेह-श्रीनगर में माइनस में पारा, दिल्ली में 30 फ्लाइट रद्द

## एमपी में 18 जनवरी के बाद ठंड बढ़ेगी; यूपी-हरियाणा को शीतलहर ने कंपाया



### लेह में -9 तो श्रीनगर में -5 पर पहुंचा पारा

दिल्ली के सफदरजंग इलाके में आज सुबह तापमान 3.5 दर्ज किया गया। भारी बर्फबारी के चलते जम्मू-कश्मीर, लेह-लद्दाख सहित पहाड़ी राज्यों में बर्फ की चादर बिछी हुई है। लेह में पारा -9 , श्रीनगर में -5 , मनाली 2, शिमला 5, माउंट आबू 6, उत्तरकाशी 2, देहरादून 3, नैनीताल 4 दर्ज किया गया। पहाड़ों पर आज भी बर्फबारी होने का अनुमान है।

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश-राजस्थान समेत, उत्तर भारत और पूर्वोतर भारत के 18 राज्यों में मंगलवार (16 जनवरी) की सुबह घने कोहरे के साथ हुई। हरियाणा, पंजाब और दिल्ली में कोहरे का रेड अलर्ट है। दिल्ली में जीरो विजिबिलिटी के कारण हवाई और रेल यात्रा पर काफी असर पड़ रहा है।

कल दिल्ली में 30 से ज्यादा फ्लाइट्स रद्द कर दी गईं। 100 से ज्यादा फ्लाइट्स लेट हैं। कई फ्लाइट्स को जयपुर, मुंबई डाइवर्ट किया गया। इसी देरी के चलते सोमवार (15 जनवरी) को इंडिगो की फ्लाइट में विवाद भी देखने को मिला था।

आज दिल्ली पहुंचने वाली 30 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। इसके चलते यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है।

उधर, मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब, हरियाणा में कड़ाके की ठंड का अलर्ट जारी किया है। अरुणाचल प्रदेश समेत नॉर्थईस्ट के राज्यों में भी आज बिजली कड़कने के साथ बारिश का अनुमान है और तापमान में गिरावट हो सकती है।

# माल्या-नीरव मोदी-संजय भंडारी को लंदन से लाने की तैयारी

## रिपोर्ट में दावा- ईडी सीबीआई और एनआईए की टीम जाएगी



नई दिल्ली। भारत सरकार के भगोड़े अपराधियों को लंदन से लाने की तैयारी कर रही है। इसमें बंद हो चुकी किंगफिशर एयरलाइंस के मालिक विजय माल्या, हीरा व्यवसायी नीरव मोदी और आर्म्स डीलर संजय भंडारी शामिल हैं। एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, इन्हें लाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय , सीबीआई और राष्ट्रीय जांच एजेंसी की टीम लंदन जाएगी।

सूत्रों के मुताबिक, विदेश मंत्रालय के सीनियर अफसरों की टीम और ब्रिटेन स्थित भारतीय हाईकमीशन के बीच लंदन में मीटिंग शेड्यूल्ड है। इस मीटिंग में ब्रिटेन के अफसर भी शामिल होंगे। इसमें भारत के अधिकारी ये जानकारी जुटाएंगे कि इन भगोड़े अपराधियों ने लंदन और अन्य देशों में कौन सी प्रॉपर्टीज में पैसा लगाया और कहां-कहां ट्रांजैक्शन किया। भारत और ब्रिटेन के बीच आपस में जानकारियां साझा करने के लिए म्यूचुअल लीगल असिस्टेंस ट्रीटी है। इसी संधि के तहत भगोड़े आर्थिक अपराधियों को लेकर दूसरे देश से इन्फॉर्मेशन हासिल की जाती है।

विजय माल्या, नीरव मोदी और संजय भंडारी को यूके से लाया जाना है। तीनों ही खुद को भारत भेजने से रोकने के लिए लंदन के कोर्ट में अपील कर चुके हैं। ईडी तीनों की भारत में प्रॉपर्टीज अटैच कर चुकी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, विजय माल्या और नीरव मोदी की हजारों करोड़ रुपए की संपत्ति को बेचकर पैसा भी वसूला गया है और इसे बैंकों को वापस भी कर दिया गया है।




कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नागालैंड के कोहिमा में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान समर्थकों का अभिवादन किया।

# इंटरनेशनल डंकी नेटवर्क से जुड़े 9 लोग गिरफ्तार

## इनमें 3 भारतीय; दिल्ली पुलिस ने 26 फर्जी पासपोर्ट और वर्क परमिट बरामद किए



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने इंटरनेशनल लेवल पर मानव तस्करी करने वाले डंकी नेटवर्क का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें 6 मानव तस्कर हैं, जबकि 3 गैरकानूनी रूप से विदेश जाने वाले नागरिक।

गिरफ्तार लोगों से 7 लैपटॉप और 12 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। इसके अलावा पुलिस ने फेक पुलिस क्लियरेंस सर्टिफिकेट, नकली एजुकेशन सर्टिफिकेट, यूरोपीय देशों में काम करने का नकली वर्क परमिट, नकली बांग्लादेशी नोटरी डॉक्यूमेंट्स भी बरामद किए हैं।

4 जनवरी 2023 को पुलिस ने मयूर विहार इलाके से एक अवैध बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ा। उसके साथ दो और बांग्लादेशी लोगों को पकड़े गए। पूछताछ के दौरान पुलिस ने उनसे वैध ट्रैवल डॉक्यूमेंट मांगे।

लेकिन उनके पास फर्जी डॉक्यूमेंट मिले। उनके फोन चेक करने पर पता चला कि वे तस्करों के संपर्क में थे। इस पूछताछ में तीनों के पास से कई भाषाओं के डॉक्यूमेंट्स मिले। उन्होंने पुलिस को बताया कि वे इस उम्मीद से भारत में रह रहे थे कि यहां से किसी यूरोपीय देश निकल जाएंगे। वे एक डंकी नेटवर्क के जरिए भारत भेजे गए थे और दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे थे।

उन्होंने बताया कि बांग्लादेश की एक मैनपावर कंसल्टेंसी के साथ मिलकर तस्कर बड़े स्तर पर काम कर रहे थे।

# छह महानगरों के हवाईअड्डों पर 'वॉर रूम' स्थापित करने का निर्देश

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कोहरे से उत्पन्न व्यवधानों को देखते हुए यात्रियों की असुविधा का तुरंत समाधान करने के लिए देश के छह महानगरों के हवाईअड्डों पर %वॉर रूम% स्थापित करने का निर्देश दिया है।

नागर विमानन मंत्रालय के अनुसार यात्रियों की असुविधा को कम करने के लिए सभी एयरलाइनों को कल मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की गई।

इन एसओपी के अलावा सभी छह मेट्रो हवाई अड्डों-दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद और बेंगलुरु से प्रतिदिन तीन बार स्थिति की रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

मंत्रालय के अनुसार नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) निर्देशों, एसओपी और सीएआर के कार्यान्वयन की नियमित रूप से निगरानी और रिपोर्ट की जाएगी। यात्री असुविधा के संबंध में किसी भी मुद्दे का तुरंत समाधान करने के लिए छह मेट्रो हवाई अड्डों पर हवाई अड्डों और एयरलाइन ऑपरेटरों द्वारा वॉर रूम स्थापित किए जाएंगे।

मंत्रालय ने कहा कि सुरक्षा संबंधी जरूरतों के लिए चौबीसों घंटे पर्याप्त केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस**

## कंपनी ने कहा- चुनावों की निष्पक्षता बनाए रखना जरूरी, फेक न्यूज रोकेंगे

# इलेक्शन में एआई का इस्तेमाल नहीं करने देगा ओपन एआई

नई दिल्ली। यूएस बेस्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन ओपन एआई ने कहा है कि एआई का इस्तेमाल भारत में लोकसभा चुनाव कैंपेन के लिए नहीं किया जा सकेगा। चुनाव निष्पक्ष आधार पर होना जरूरी है। ओपन एआई ने सोमवार को कहा कि वह कुछ ऐसे टूल लाएगी, जिससे डीपफेक वीडियोज, फोटोज और फेक न्यूज को रोका जा सके।


### 1. चैट जीपीटी में जानकारी देने वाली लिंक्स अटैच करेगी

ओपन एआई का कहना है कि यूजर्स चैट जीपीटी के जरिए रियल-टाइम जानकारी हासिल कर सकेंगे। चैटबॉट ने सूचना कहां से ली है, इसके लिए वो लिंक्स भी अटैच करेगी। फिलहाल चैट जीपीटी में यह फीचर नहीं है।

कंटेट को इस्तेमाल करने के लिए कंपनी सीएनएन, फॉक्स न्यूज, टाइम और ब्लूमबर्ग समेत कई मीडिया संस्थानों के साथ बातचीत कर रही है। एक्सेल स्प्रिंगर स्श्व और एसोसिएट प्रेस के साथ कंपनी पहले ही समझौता कर चुकी है।

### 2. एआई से जेनरेट तस्वीरों का पता चल सकेगा

ओपन एआई ने कहा कि वो ऐसा टूल लाने जा रहे हैं, जिससे एआई से जेनरेट तस्वीरों की पहचानने में मदद




होगी। इसके लिए कंपनी तस्वीरों को एनकोड करना शुरू करेगी। इससे यूजर्स को तस्वीर बनाने वाले और बनाने के समय तक की जानकारी मिल सकेगी। इससे लोग यह पता लगा सकेंगे कि कोई तस्वीर असली है या उसे कंप्यूटर की मदद से तैयार किया गया है।

### एआई के रिस्क पर 29 देश रखेंगे नजर

1 नवंबर 2023 को यूके ने एआई सेफ्टी समिट होस्ट की थी, जहां अमेरिका, चीन, जापान, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस और भारत और यूरोपीय संघ सहित 29 देशों ने एक डिक्लेरेशन पर हस्ताक्षर करने पर सहमति व्यक्त की थी। इसमें कहा गया था कि एआई के संभावित रिस्क से निपटने के लिए ग्लोबल एक्शन की जरूरत है। इसके बाद एक महीने बाद 12 दिसंबर को भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर ग्लोबल पार्टनरशिप इवेंट में हुआ। यहां सभी देशों ने एक सुर में कहा कि हमें द्व के इथिकल यूज के लिए मिलकर ग्लोबल फ्रेमवर्क तैयार करना होगा।

### 2024 में 63 देशों में इलेक्शन होंगे

साल 2024 में 63 देशों में प्रेसिडेंशियल या पार्लियामेंट्री इलेक्शन होंगे। इनमें भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, रूस जैसे देश शामिल हैं। इन सभी देशों में चुनाव प्रचार के लिए सोशल मीडिया का भरपूर इस्तेमाल किया जाता है। चुनाव के पहले ही कई नेता ने डीपफेक वीडियो और फोटोज को लेकर चिंता जाहिर कर चुके हैं।



## हैप्पी मॉर्निंग

साली- जीजा जी आप क्या करते हैं? जीजाजी- अरे, हम तो फिल्म बनाते हैं। साली- अच्छा जीजा जी, कौन सी फिल्म बनाते हैं आप जीजाजी- अरे मैं वो घर की शादियों में वीडियो बनाकर उनकी फिल्म बनाता हूं। जीजा जी का जवाब सुनकर साली बेहोश है।



## शायरी

**बंदा तो इस इकरार पै बिकता है तेरे हाथ,**
**लेना है अगर मोल तो आज़ाद न करना।**

## अर्थसार



सेंसेक्स:
73,128.77
-199.16 (0.27%)
निफ्टी:
22,032.30
-65.15

## मौसम



अधिकतम : 16 डिग्री से0
न्यूनतम : 07 डिग्री से0
सूयोदय गुरुवार : 7 : 27
सूर्यास्त बुधवार : 6 : 03

# राजस्थान में ड्रग्स तस्करी की 'बायोलैब'

## दुर्ग पुलिस ने मारा छापा, 1.60 करोड़ की टैबलेट के साथ संचालक गिरफ्तार; बांग्लादेश तक नेटवर्क



दुर्ग। छत्तीसगढ़ की दुर्ग पुलिस ने ड्रग्स के अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। राजस्थान की एक बायोलैब में छापा मारकर पुलिस ने डेढ़ करोड़ से ज्यादा का ड्रग्स जब्त किया है। मौके से संचालक गिरफ्तार किया गया है। इसे अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई बताया जा रहा है।

एसपी राम गोपाल गर्ग ने बताया कि जिले में लगातार नशे के खिलाफ कार्रवाई हो रही है। इसके लिए विशेष टीम बनाई गई है। जांच करते हुए टीम प्रदेश में ड्रग्स सप्लाई करने वाले गिरोह तक पहुंची तो पता चला कि इसके तार राजस्थान से जुड़े हुए हैं। इसके बाद कई जगह छापे मारे गए।

राजस्थान के बूंदी जिले में स्थित बायोलैब रेमेडीज में सीएसपी मणि शंकर चंद्रा के नेतृत्व में टीम ने छापा माया। वहां से 1.60 करोड़ रुपए से ज्यादा की नशीली टैबलेट और सिरप बरामद हुए। इसके बाद लैब के संचालक अंकुश पॉलीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया। उसे दुर्ग लाया गया है।

दुर्ग पुलिस ने बताया कि बायोलैब रेमेडीज से ड्रग्स की सप्लाई पूरे देश में की जा रही थी। पूछताछ में अंकुश ने पुलिस को बताया कि देश के कई राज्यों के अलावा बांग्लादेश में भी ऑनलाइन ड्रग्स बेचा जा रहा था। पुलिस ने बताया कि दुर्ग में भाई-बहन के पकड़े जाने के बाद संचालक तक पहुंचे।

# तटरक्षक बल ने 182 तीर्थयात्रियों को बचाया

नयी दिल्ली। भारतीय तटरक्षक बल ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के काकद्वीप में खराब मौसम के कारण फंसी नौका पर सवार 182 तीर्थयात्रियों को त्वरित कार्रवाई कर बचा लिया। 'स्वास्थ्य साथी' नाम की यह नौका करीब 400 तीर्थयात्रियों को गंगा सागर मेले से काकद्वीप ले जाते समय अत्यंत खराब मौसम के कारण फंस गयी थी। तटरक्षक बल को दक्षिण 24 परगना के जिला मजिस्ट्रेट से इस नौका के फंसने के बारे में संदेश मिला था। बल की संचालन टीम संदेश मिलने के बारद तुरंत कार्रवाई में जुट गई और सहायता प्रदान करने के लिए हल्दिया और सागर द्वीप से दो एयर कुशन वाहन भेजे। होवरक्राफ्ट ने 182 तीर्थयात्रियों को निकाला और शेष तीर्थयात्रियों को सुरक्षित गंतव्य तक ले जाने के लिए नौका को सही रास्ते पर रवाना किया। तटरक्षक बल ने वार्षिक मेले के दौरान लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पहले से ही विभिन्न रणनीतिक स्थानों पर समुद्री इकाइयों को तैनात किया था।




# सुविधा के साथ सुरक्षा पर गौर जरूरी

विमान यात्रा के दौरान अभद्रता करने पर कानूनी कार्रवाई लोगों के व्यवहार को नियंत्रित करने के लिए जरूरी है। मगर प्रबंधन के स्तर पर ऐसे उपायों पर गौर किया जा सकता है कि उड़ान में ज्यादा देरी की स्थिति में यात्रियों को पहले ही सूचित करने का व्यावहारिक तंत्र विकसित हो।

पिछले कुछ समय से विमानों में यात्रियों के दुर्व्यवहार की बढ़ती घटनाएं निश्चित रूप से चिंता का कारण हैं। इसके मद्देनजर यात्रा के दौरान लोगों के मर्यादित व्यवहार के लिए नियम-कायदों की अहमियत समझी जा सकती है। हालांकि विमान सेवाओं के प्रबंधन में भी कई स्तरों पर सुधार की जरूरत महसूस की जा रही है। किसी भी विमान में उड़ान के पहले या उसके दौरान किसी यात्री के उग्र हो उठने को उचित नहीं ठहराया जा सकता, इसके लिए नियमों के मुताबिक कार्रवाई भी होती है, लेकिन अगर इसकी जड़ में कोई ऐसी परिस्थितिगत या फिर प्रबंधन से जुड़ी समस्या है, तो उस पर गौर करना सेवाओं में बेहतरी के लिहाज से जरूरी हो सकता है।

दिल्ली हवाई अड्डे पर गोवा जाने वाले एक विमान की उड़ान में करीब तेरह घंटे की देरी होने की वजह से एक यात्री ने आक्रोश में आकर चालक दल के एक सदस्य से मारपीट कर दी। किसी भी हालत में यात्री का ऐसा व्यवहार स्वीकार्य नहीं हो सकता, लेकिन सवाल है कि क्या परिस्थिति को देखते हुए ऐसे उपाय किए जा सकते हैं, जिससे ऐसे हालात ही पैदा न हों! पिछले कुछ दिनों से कड़ाके की ठंड और घने कोहरे की वजह से सड़क, रेल और हवाई मार्गों पर यात्रा में देरी एक सामान्य स्थिति हो चुकी है। विमानों की सुरक्षित उड़ान बहुत कुछ मौसम की स्थिति पर निर्भर होती है और इस मामले में मामूली लापरवाही भी बड़ा खतरा पैदा कर सकती है। उड़ान से जुड़े संचालकों से लेकर चालक दल के सभी सदस्यों के ऊपर विमान को सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंचाने का दायित्व होता है। ऐसी स्थिति में उनके साथ अगर असहज करने वाली स्थितियां उत्पन्न होती हैं, तो इसका असर उनके काम पर पड़ने की आशंका होती है।

दूसरे, मौसम में गड़बड़ी आदि अप्रत्याशित कारणों से किसी जोखिम के बीच विमान संचालन के समय में फेरबदल का फैसला वक्त की जरूरत होती है, ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसलिए विमान में सफर कर रहे लोगों को संयम और धीरज से काम लेना चाहिए। इस लिहाज से विमान में पायलट से मारपीट करने वाले यात्री के व्यवहार के लिए कानून के मुताबिक उस पर कार्रवाई स्वाभाविक है। मगर उड़ान में ज्यादा देरी की स्थिति में प्रबंधन के स्तर पर क्या कुछ ऐसा किया जा सकता था कि यात्रियों के भीतर अपनी सुरक्षित यात्रा को लेकर सब्र कायम रहे?

खबरों के मुताबिक, आरोपी यात्री को यह कहते सुना गया कि वह विमान में लंबे समय से बैठा है और उड़ान फिलहाल मुमकिन नहीं है तो उसे जाने की अनुमति मिलनी चाहिए।

विमान की संवेदनशील बनावट और उड़ान के जोखिम के मद्देनजर यात्रियों की सुरक्षा के लिहाज से इस तरह की इजाजत देना शायद मुश्किल हो, लेकिन आज इतना तकनीकी विकास हो चुका है कि मौसम की स्थिति के बारे में कई घंटे या एक-दो दिन पहले भी अनुमान लगाए जा सकते हैं। अगर अनुमान सही हों तो यात्रियों को मौसम खराब होने और उड़ान में देरी के बारे में सूचना देने के विकल्प पर गौर किया जा सकता है, ताकि लोग उसी मुताबिक अपनी यात्रा पर निकलें।

विमान यात्रा के दौरान अभद्रता करने पर कानूनी कार्रवाई लोगों के व्यवहार को नियंत्रित करने के लिए जरूरी है। मगर प्रबंधन के स्तर पर ऐसे उपायों पर गौर किया जा सकता है कि उड़ान में ज्यादा देरी की स्थिति में यात्रियों को पहले ही सूचित करने का व्यावहारिक तंत्र विकसित हो।

# परिवारवाद की राह पर बढ़ती मायावती



रमेश सर्राफ धमोरा

बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने पार्टी को युवा नेतृत्व देने के लिये अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी बना दिया है। अब उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड को छोड़कर बाकी प्रदेशों में संगठन का काम आकाश आनंद ही संभालेंगे। ब्रिटेन से एमबीए कर चुके 28 वर्षीय आकाश आनंद मायावती के छोटे भाई आनंद कुमार के बेटे हैं। मायावती ने उन्हें 2019 में पार्टी का राष्ट्रीय संयोजक बनाया था। तभी से उनके मायावती के उत्तराधिकारी बनने की चर्चा चलती रहती थी।

आकाश आनंद ने पिछले दिनो सम्पन्न हुये राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, मिजोरम, तेलंगाना विधानसभा चुनाव में पार्टी की कमान संभाली थी। मगर वहां बसपा के पक्ष में कोई विशेष हवा नहीं बना पाए। कभी देश में प्रमुख राजनीतिक दल रही बसपा अब अपनी राष्ट्रीय मान्यता बचाने का प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश में चंद्रशेखर रावण भी दलित नेता के तौर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। इसी के चलते मायावती ने बसपा में युवा नेतृत्व देने के लिए अपने भतीजे को मैदान में उतारा है।

कांशीराम ने जब 14 अप्रैल 1984 को बहुजन समाज पार्टी का गठन किया था। तब उन्होंने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि आगे चलकर बसपा परिवारवाद की भेंट चढ़ जाएगी। परिवारवाद से बचने के लिए कांशीराम ने शादी नहीं की थी। मायावती की प्रतिभा देखकर कांशीराम ने उन्हें राजनीति में आगे बढ़ाया और अपना उत्तराधिकारी बनाया था। कांशीराम के कारण मायावती चार बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बन पाई।

कांशीराम चाहते तो स्वयं मुख्यमंत्री बन सकते थे। मगर वह किंग मेकर की भूमिका में ही रहना चाहते थे। इसलिए उन्होंने मायावती को आगे बढ़ाया। आज वहीं मायावती अपने भतीजे को पार्टी का उत्तराधिकारी घोषित कर बसपा को परिवारवाद के रास्ते पर धकेल दिया है। वर्तमान समय में बसपा राजनीतिक रूप से कमजोर पड़ गई है। उनके परंपरागत दलित मतदाता भी छिड़क रहे हैं। ऐसी भी विषम परिस्थितियों का मुकाबला करने के लिए मायावती को किसी युवा नेता की तलाश थी। मगर उन्होंने किसी बाहरी व्यक्ति पर भरोसा करने की बजाय अपने भतीजे को ही अपना उत्तराधिकारी बनाना बेहतर समझा।

हाल ही में संपन्न हुए राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना व मिजोरम विधानसभा के चुनाव में बसपा का ग्राफ गिरा है। राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ जैसे हिंदी पट्टी वाले प्रदेशों में बहुजन समाज पार्टी एक तीसरे विकल्प के रूप में अपनी ताकत का एहसास कराती आई थी। मगर इस बार के विधानसभा चुनाव में बसपा का सूपड़ा साफ हो गया है।

पिछले विधानसभा चुनाव में राजस्थान में बसपा को 4 प्रतिशत वोट व 6 सीटों पर जीत मिली थी। मगर इस बार यहां बसपा 1.82 प्रतिशत वोटों के साथ मात्र दो सीटों पर ही सिमट गई है। राजस्थान विधानसभा चुनाव में बसपा को मात्र 721037 वोट मिले हैं। मध्य प्रदेश में पिछली बार बसपा को दो सीट व 5.01 प्रतिशत वोट मिले थे। जबकि इस बार के चुनाव में वहां बसपा को 3.40 प्रतिशत यानी 14,77,202 वोट तो मिल गए मगर सीट एक भी नहीं मिली।

इसी तरह छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में पिछली बार बसपा को दो सीटों के साथ 552313 यानी 3.9 प्रतिशत वोट मिले थे। मगर इस चुनाव में वहां बसपा को सीट तो एक भी नहीं मिली। बसपा को 319903 यानी 2.05 प्रतिशत वोट ही मिले हैं। तेलंगाना में बसपा का खाता भी नहीं खुला। वहां पार्टी को 321074 यानी 1.37 प्रतिशत वोट मिले हैं। मिजोरम में तो वैसे ही बसपा का कोई नाम लेवा नहीं है।

2022 में हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में बसपा 53 सीटों पर चुनाव लड़ी मगर एक भी नहीं जीत पायी। वहां पार्टी को 14613 यानी 0.35 प्रतिशत मत मिले थे। गुजरात विधानसभा के पिछले चुनाव में बसपा ने 101 सीटों पर चुनाव लड़ा था। जिसमें 100 सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों के जमानत जप्त हो गई थी। वहां पार्टी को मात्र 158123 यानी 0.5 प्रतिशत मत मिले थे। उतराखंड में बसपा के दो व पंजाब में एक विधाक है।

उत्तर प्रदेश में 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी महज एक सीट ही जीत सकी थी। वहां बसपा को सिर्फ 12.88 प्रतिशत मत मिले थे। वहीं 2017 के विधानसभा चुनाव में 19 सीट व 22.31 प्रतिशत वोट मिले थे। 2012 की विधानसभा चुनाव में बसपा को उत्तर प्रदेश में 80 सीटों के साथ 25.91 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं 2007 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने 30.43 प्रतिशत वोटो के साथ 206 सीट जीतकर अपने दम पर सरकार बनाई थी। 2002 के चुनाव में बसपा को 98 सीट व 23.6 प्रतिशत वोट मिले थे। 1996 के चुनाव में 67 सीट व 19.64 प्रतिशत वोट मिले थे। 1993 के चुनाव में 67 सीट व 11.12 प्रतिशत वोट, 1991 के चुनाव में 12 सीट व 9.44 प्रतिशत वोट मिले थे। 1989 के चुनाव में पहली बार बसपा ने उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़कर 13 सीट तथा 9.41 प्रतिशत वोट पाए थे।

उपरोक्त आंकड़ों का विश्लेषण करें तो पता चलता है कि बहुजन समाज पार्टी का जनाधार लगातार कमजोर पड़ता जा रहा है। लोकसभा चुनाव के आंकड़ों को देख तो 2019 के चुनाव में बसपा को उत्तर प्रदेश में 10 सीटें व 3.67 प्रतिशत वोट मिले थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा का खाता भी नहीं खुला था। हालांकि पार्टी को 4.19 प्रतिशत वोट मिले थे। 2009 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश में 20 व मध्य प्रदेश में एक कुल 21 सीट व 6.56 प्रतिशत वोट पाए थे। 2004 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश से 19 सीट जीतकर 5.33 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे।

1999 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश से 14 सीट जीती थी तथा 4.16 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। 1998 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने पांच सीट तथा 4.67 प्रतिशत वोट पाए थे। 1996 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने 11 सीट तथा 4.02 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे। 1991 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने तीन सीट व 1.61 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे। 1989 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ा था और पार्टी ने चार सीटे जीत कर 2.07 प्रतिशत वोट पाये थे।

पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी से समझौता होने के चलते 10 सीटों पर जीत जरूर हासिल कर ली थी। मगर उसके बाद मायावती ने सपा से चुनावी गठबंधन समाप्त कर एकला चलों की नीति पर ही 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा का चुनाव लड़ा था। 2022 में उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में जहां से बसपा एक ताकत बनकर उभरी थी और चार बार सरकार बना चुकी है। वहां मात्र एक सीट पर सिमट गयी थी।

कांशीराम के जमाने में बसपा का पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे कई प्रदेशों में बड़ा प्रभाव रहता था। जो अब सिमटने लगा है। बसपा से जीते हुए बहुत से सांसद, विधायक दल बदल कर दूसरे दलों में शामिल हो जाते हैं। जिससे बसपा कमजोर होने लगी है। राजस्थान विधानसभा के 2008 व 2018 के चुनाव में बसपा से 6-6 विधायक चुनाव जीते थे। मगर दोनों ही बार सभी विधायकों ने कांग्रेस में विलय कर गहलोत सरकार में मंत्री व अन्य लाभकारी पदों पर बैठ गए थे।

कभी कैडर पार्टी का मुख्य आधार होता था। मगर आज पार्टी में कैडर नाम मात्र का भी नहीं बचा है। पार्टी के अधिकांश बड़े पदों पर दलबदलुओं का कब्जा हो गया है। मायावती ना तो भाजपा के साथ जाना चाहती है और ना ही इंडिया गठबंधन में शामिल होना चाहती है। ऐसे में एकला चलो की नीति बसपा के लिए आत्मघाती साबित हो रही है।





# टाईम पास

# अंतरिम बजट से उम्मीदें

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा एक फरवरी को पेश किए जाने वाले अंतरिम बजट को फिलहाल अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिस साल लोकसभा चुनाव होते हैं, उस वर्ष दो बजट आते हैं, अंतरिम बजट और पूर्ण बजट। सामान्यतया अंतरिम बजट में नई सरकार बनने तक की व्यय जरूरतें पूरी करने का उद्देश्य होता है। वित्तमंत्री ने कहा है कि अंतरिम बजट लेखानुदान होगा। पूर्ण बजट के आगामी जुलाई में आने की संभावना है। अंतरिम बजट में लोकलुभावन योजनाओं को शामिल नहीं किया जाएगा। पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वित्तमंत्री कुछ जरूरी राहत दे सकती हैं। वर्ष 2019 के अंतरिम बजट में भी किसान सम्मान निधि व आयकर राहत देने के लिए जरूरी प्रावधान किए गए थे। चूंकि विगत दिसंबर में राज्यों के उत्साहजनक चुनावी नतीजों में कल्याणकारी योजनाओं की भूमिका थी, ऐसे में, वित्तमंत्री आमजन के हितार्थ कुछ महत्वपूर्ण सामाजिक व आर्थिक कल्याण की योजनाओं के साथ छोटे आयकरदाताओं व मध्यवर्ग को राहत देने के लिए कुछ जरूरी प्रावधान कर सकती हैं। वेतनभोगी वर्ग के लाखों छोटे आयकरदाताओं व मध्यवर्ग की शिकायत है कि चालू वित्त वर्ष के बजट में उन्हें टैक्स संबंधी राहत नहीं मिली। ऐसे में, अब महंगाई वृद्धि के कारण उन्हें कुछ आयकर राहत की अपेक्षा है। राहत देने के लिए अनुकूल आधार भी हैं। हाल ही में एसबीआई की रिसर्च विंग की रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2014 से 2022 के दौरान रिटर्न भरने वाले आयकरदाताओं की संख्या और आयकर प्राप्ति में भारी वृद्धि हुई है। विगत 31 दिसंबर तक आयकर रिटर्न रिकॉर्ड 8.18 करोड़ का स्तर पार कर चुका था। पिछले आठ साल में आयकर रिटर्न भरने वाले दोगुने हुए हैं और आय की असमानता में भी कमी आई है। वित्त वर्ष 2014 से 2022 के दौरान व्यक्तिगत आय असमानता 0.472 प्रतिशत से घटकर 0.402 फीसदी रह गई। इस दौरान 3.5 लाख रुपये के कम आय वाले समूह से 36.3 फीसदी लोग उच्च आय वाले समूह में शामिल हुए। पिछले एक दशक से आयकर कानून में सुधार से आयकरदाताओं को सुविधा तो मिली ही, उनकी संख्या बढ़ाने में भी मदद मिली। इन सुधारों में करदाताओं के लिए पहचान रहित अपील व्यवस्था, करदाता चार्टर और पहचान रहित समीक्षा (फेसलेस असेसमेंट) जैसे बड़े आयकर सुधार प्रमुख हैं। ऐसे ही नॉन फाइलर्स, मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमए) के जरिये ऐसे लोगों की पहचान की जाती है, जिन्होंने हाई वैल्यू ट्रांजेक्शन किया, पर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया। आयकर विभाग ने आय व लेन-देन के आधार पर प्रोजेक्ट इनसाइट भी लॉन्च किया है, जिसका लक्ष्य स्वैच्छिक अनुपालन को बढ़ावा देना, गैर-अनुपालन को रोकना और लोगों को कर देने के लिए प्रेरित करना है। वैश्विक आर्थिक चुनौतियों का सामना करते हुए देश की वित्तीय सेहत अच्छी है। आयकर व जीएसटी का रिकॉर्ड स्तर पर संग्रहण हुआ है। राजकोषीय घाटे को बजट लक्ष्य के मुताबिक जीडीपी के 5.9 तक नियंत्रित रखा गया है। वेतनभोगी वर्ग द्वारा अंतरिम बजट में राहत की अपेक्षा इसलिए भी न्यायसंगत है, क्योंकि वे ईमानदारीपूर्वक पेशेवरों व कारोबारी करदाताओं के वर्ग से ज्यादा आयकर चुकाते हैं। असंगठित या अनौपचारिक क्षेत्र में कार्यरत लोग या तो आयकर न देने का प्रयास करते हैं या बहुत कम आयकर देते हैं। वर्ष 2022-23 में सिर्फ 2.24 करोड़ लोगों ने आयकर दिया। यानी कुल आबादी के 1.60 फीसदी लोग ही आयकरदाता हैं। शून्य आयकर देयता वाले आईटी रिटर्न की संख्या भी बढ़कर 2022-23 में 5.16 करोड़ हो गई। इनमें अधिकांश रिटर्न वे हैं, जो उद्योग-कारोबार व पेशेवर आयकरदाताओं से संबंधित हैं। ऐसे में, आयकर न देने वाले और कम कर देने वाले लोगों की आमदनी का सही मूल्यांकन कर और उन्हें चिह्नित कर अपेक्षित आयकर चुकाने के लिए बाध्य किए जाने संबंधी कर सुधार भी अंतरिम बजट में अपेक्षित हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि वित्तमंत्री अंतरिम बजट प्रस्तुत करते हुए छोटे आयकरदाताओं व मध्यवर्ग को राहत देंगी।

## काकुरो पहेली - 3067




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः:

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 3066का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक बार एक सेठ बीमार पड़ गया. उसकी हालत मरने की-सी हो गई. पूरा परिवार उसके चारों ओर एकत्र था. सेठ ने अपनी पत्नी को बुलाकर पूछा-'बड़ा लड़का कहां है?'

'यहीं है!'

'मंझला?'

'यहीं है.'

'और छोटा?'

'यहीं है.'

'तो फिर क्या दुकान बन्द पड़ी है?' सेठ ने चारपाई से उठते हुए पूछा.

□ □ □

एक जहाज का कप्तान डेक से फिसल कर समुद्र में गिर गया. एक नाविक ने अपनी जान हथेली पर रखकर उसे बचा लिया.

'मैं तुम्हें क्या इनाम दूं!' कप्तान ने पूछा.

'श्रीमान!' नाविक हाथ जोड़ते हुए बोला-'सबसे अच्छा इनाम तो यह होगा कि आप इस घटना का जिक्र किसी से न करें. वरना बाकी नाविक मुझे उठाकर समुद्र में फेंक देंगे.'

□ □ □


जज, कैदी से- 'तुम्हें कल फांसी दी जाएगी, तुम्हारी कोई आखिरी इच्छा है?'

कैदी-'जी हाँ.'

जज-'क्या?'

कैदी-'जी मेरी जगह आप फांसी पर लटक जाइये!'

## फिल्म वर्ग पहेली- 3067



**बायें से दायें:-**

१. सैफअली खान, रानी मुखर्जी की 'सांसों को सांसों में ढलने दो' गीत वाली फिल्म-२,२
४. 'रंग भरे मौसम से रंग चुराके' गीत वाली जैकी श्रॉफ, जूही चावला की फिल्म-३
७. गोविंदा, मनीषा की 'ठहरो तो सही सोचो तो जरा' गीत वाली फिल्म-४
८. 'संडे की रात थी' गीत वाली गोविंदा, रवीना की फिल्म-३
१०. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या भारती की 'तेरी उम्मीद तेरा इंतजार' गीत वाली फिल्म-३
११. फिल्म 'मनोरंजन' में शम्मीकपूर के साथ नायिका कौन थी-३
१४. सलमान, सोमी की 'दिल मेरा यहां' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'कब के बिछड़े हुए' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-४
१७. अमजद खान, बिंदिया गोस्वामी की 'दिल के टुकड़े टुकड़े' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'मेरे खयालों की मलिका' गीत वाली शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या, प्रिया की फिल्म-२
१९. सुनील शेट्टी, रंभा की 'कहां गये ममता' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'तुम भी चलो' गीत वाली अमिताभ, विनोद खन्ना, सायरा बानो की फिल्म-३
२५. अमिताभ, अरशद वारसी, करिश्मा, विजय शांति की फिल्म-४
२६. 'ये दपनियावाले' गीत वाली देवानंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२९. धर्मेन्द्र हेमा की 'दुनिया जब' गीत वाली फिल्म-२
३०. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. नसीरूद्दीनशाह, जैकीश्रॉफ, नगमा की फिल्म-२
२. करणनाथ, मनीषा नतान्यासिंह की 'क्यूं मेरा दिल' गीत वाली फिल्म-२
३. अमिताभ, वहीदा, जीनत की फिल्म-३
४. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की 'बदली है ना बदलेगी' गीत वाली फिल्म-४
५. देवानंद, मधुबाला की फिल्म-३
६. 'बनाकेक्यूं बिगाड़ा रे' गीत वाली फिल्म-३
९. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षयखन्ना, अमृता राव की फिल्म-३
११. 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'खाई है रे हमने' गीत वाली राजेंद्र, शर्मिला की फिल्म-३
१३. फिल्म 'सपने साजन के' की नायिका-३
१४. राजकपूर, दिलीपकुमार, नर्गिस की 'झूम झूम के नाचो आज' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'हैलो हैलो बोल के' गीत वाली फिल्म-३
१८. सनी देओल, सुष्मिता सेन की 'मैं अपना नाम भूला' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'मेरे तो गिरधर गोपाल' गीत वाली फिल्म-२
२२. मनोजकुमार, साधना की फिल्म-४
२३. 'जो उनकी तमन्ना है' गीत वाली फिल्म-४
२४. राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
२६. 'सुना था देखा ना था' गीत वाली आफताब, उर्मिला की फिल्म-२
२७. अमिताभ, रितिक, प्रीति की फिल्म-२
२८. 'फूलों से जो खुशबू आए' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3066



## सूडोकु -3067


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3066 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## शब्द पहेली - 3067



**बाएँ से दाएँ**

1.द्वेष,झगड़ा,रार-3
4.बुरकापोश-5
8.गागर,घड़ा-3
9.प्याऊ (उर्दू-3)
10.पैंदा,तला-2
12.बरस,वर्ष-2
13.सतत,लगातार-5
16.मजार,समाधि-4
17.उदारता,बड़पन्न-4
18.वायदा,कसम-2
19.महीना,माह-2
20.हमसफर-4
23.आदेश,आज्ञा-4
25.कहानी लेखक-5
28.गधा,गर्दभ-2
29.श्रवणेंद्रिय-2
31.बारिश,वर्षा-3
33.देवर्षि-3
35.दया करना-3,2
36.चिंतन

**ऊपर से नीचे**

1.कुपुत्र-3
2.अधिकार-2
3.सलाह,राय-4
4.अफसोस,खेद-4
5.शीतकालीन फसल-2
6.दलहन-2
7.ठंडा,सर्द-3
11.जिज्ञासा,उत्साह-3
12.बारिश का मौसम-3
13.धारावाही,अविराम, सीरियल-5
14.रीत,परंपरा-2
15.जीवनसाथी, हमराही-5
21.मोर-3
22.जल,नीर-2
24.पीहर-3
26.गजशाला, हाथी घर-4
27.करतब, करामात-4
28.उपभोग,खर्च-3
30.नेत्र,चक्षु,आंख-3
31.सवारी गाड़ी-2
32.रहन,गिरवी वस्तु-2
34.ताकत,जोर,बल-2

शब्द पहेली -3066 का हल



# नोएडा में किसानों का प्रदर्शन

## एलिवेटेड रोड पर पुलिस से धक्का-मुक्की, भाजपा विधायक के ऑफिस पर नारेबाजी



नोएडा। नोएडा में भारतीय किसान यूनियन मंच पैदल मार्च निकाल रही है। पुलिस ने किसानों को एलिवेटेड रोड पर रोका। इसके बाद किसानों से धक्का-मुक्की हुई। इसमें कुछ किसान चोटिल हुए हैं। वहीं, किसानों का दूसरा गुट आगे बढ़ते हुए डीएम चौक तक पहुंचा है। डीएम कार्यालय का घेराव किया गया है। किसान डीएम से मिलकर ज्ञापन सौंपना चाहते हैं।

इससे पहले किसानों ने विधायक पंकज सिंह के ऑफिस पर नारेबाजी की।

ऑफिस से पहले पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रखी थी। अब किसानों और पुलिस के बीच वार्ता जारी है।

मंगलवार सुबह भारतीय किसान परिषद के तत्वावधान में नोएडा के स्पाइस मॉल से डीएम चौक की तरफ किसान रवाना हुए। हजारों की संख्या में किसान और महिलाएं इस प्रदर्शन में मौजूद रही। किसानों के एक गुट को जब पुलिस ने रोका तो उनकी तीखी नोकझोंक हुई। कुछ किसानों के बेहोश होने की सूचना है। वहीं कुछ किसान चोटिल भी हुए हैं।

### एक समान दर से मुआवजा दिया जाए

बच्चों के लिए स्कूल और एनटीपीसी में नौकरी दी जाए

एनटीपीसी के प्रभावित सभी किसानों को 10 प्रतिशत विकसित भूमि दी जाए।

एनटीपीसी दादरी के 5 किमी के दायरे में रहने वाले भूविस्थापित को फ्री में बिजली दी जाए।

200 बेड का अस्पताल बनाया जाए। दादरी में दो डिग्री कॉलेज खुलवाया जाए।

### प्राधिकरण पर बैठे किसानों की मांग

10 प्रतिशत भूखंड या उसके समतुल्य धनराशि दी जाए

आबादी विनियमितीकरण के तहत प्रति बालिग सदस्य 450 से बढ़ाकर एक हजार मीटर जमीन छोड़ी जाए

पांच प्रतिशत भूखंड में व्यवसायिक गतिविधि चलाने के लिए शुल्क तय नहीं

क्षेत्र में स्कूल, कॉलेज, स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण

एनटीपीसी में शामिल किसानों की मांग

# मॉल में दुकान खुलवाने का झांसा देकर साढ़े छह लाख हड़पे

एजेंसी

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट के मॉल में दुकान (आउटलेट) खुलवाने का झांसा देकर महिला से साढ़े छह लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने इस संबंध में कंपनी के मालिक और उसके कर्मचारियों के खिलाफ थाना बिसरख में केस दर्ज कराया है।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के नंबरदार प्लाजा में आउटलेट चलाने वाली स्मृति कुमारी ने पुलिस को बताया कि करीब दो साल पहले उनकी मुलाकात कंपनी के प्रतिनिधि अजय नागर और कुशाग्र नागर से हुई। दोनों ने उनको ग्रेटर नोएडा वेस्ट के मॉल में आउटलेट दिलाने का प्रस्ताव दिया। इसके बाद उन्होंने कंपनी के डायरेक्टर शैलेंद्र दीक्षित और सीएफओ कृतिका शुक्ला से मुलाकात करवाई। दोनों ने उन्हें आश्वासन दिया कि वे 15 दिसंबर 2022 तक आउटलेट दे देंगे। इसके लिए उन्होंने महिला से करीब तीन लाख रुपये ले लिए, लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी उनका आउटलेट नहीं खुला तो उन्होंने कंपनी प्रतिनिधियों से संपर्क किया। कंपनी प्रतिनिधियों ने बताया कि प्रोजेक्ट में देरी हो रही है। इसके बाद महिला को झांसे में लेकर साढ़े तीन लाख रुपये और ले लिए गए। काफी समय बीतने के बाद भी जब आउटलेट नहीं खुला तो महिला ने शैलेंद्र दीक्षित से अपने रुपये वापस मांगे। आरोप है कि आरोपियों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। पीड़िता ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की है। बिसरख कोतवाली प्रभारी का कहना है कि महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

# चंडीगढ़ में नोएडा की छात्रा ने की आत्महत्या




चंडीगढ़। चंडीगढ़ के सेक्टर-42 स्थित चंडीगढ़ कॉलेज ऑफ होटल मैनेजमेंट के हॉस्टल में छात्रा ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान नोएडा की रहने वाली निधि (22) के रूप में हुई है। मृतका के शव को पुलिस ने GMSH की मॉर्च्युरी में रखवा दिया है।

निधि नोएडा से यहां पर होटल मैनेजमेंट का कोर्स करने के लिए आई हुई थी। वह होटल मैनेजमेंट की थर्ड ईयर की छात्रा थी।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पुलिस को उसके कमरे से सुसाइड नोट भी मिला है लेकिन पुलिस अभी इस मामले में कुछ भी कहने से बच रही है। पुलिस ने निधि के परिजनों को घटना की जानकारी दी है। उनके आने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### हॉस्टल स्टाफ ने पुलिस को किया सूचित

मंगलवार सुबह से निधि का कमरा बंद था। जब इसके बारे में वहां पर मौजूद हॉस्टल स्टाफ को पता चला तो उन्होंने कमरे को खुलवाने की कोशिश की लेकिन काफी कोशिश के बाद कमरे के अंदर से कोई रिस्पॉन्स नहीं मिला। इसके बाद पुलिस थाने को इसकी सूचना दी। थाना सेक्टर 36 की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कमरे का दरवाजा तोड़ा। तब जाकर पता चला कि लड़की ने अंदर फंदा लगा रखा है।

# नानी ने नाती को 2 लाख में बेचा

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में एक महिला ने अपने 1 महीने के नाती को 2 लाख रुपए में बेच दिया। नानी ने मुरादाबाद के संभल की एक महिला के जरिए नवजात को हापुड़ में एक डॉक्टर को बेच दिया। उसके बाद डॉक्टर ने बच्चे को एक दंपती को बेच दिया। बच्चा चोरी होने का केस 10 मई, 2023 को दर्ज हुआ था। आज मंगलवार को 8 महीने बाद पुलिस सभी आरोपियों को पकड़ पाई है। पुलिस ने बच्चे को भी बरामद करके मां को सौंप दिया है। पुलिस ने नानी को नवंबर में ही गिरफ्तार कर लिया था। नानी के बताए अन्य आरोपियों की पुलिस काफी समय से तलाश कर रही थी। मामला नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने इस मामले में नानी बबीता, आरोपी महिला जमुना, डॉक्टर दीपक और बच्चे को खरीदने वाले अमरवीर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इस पूरी चेन का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

# सुपरटेक के एमडी को मिली अंतरिम जमानत

## 27 जून को ईडी ने किया था गिरफ्तार, गंभीर बीमारियों का दिया हवाला

नोएडा। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने मंगलवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार रियल एस्टेट प्रमुख सुपरटेक समूह के अध्यक्ष और प्रमोटर आरके अरोड़ा को अंतरिम जमानत दे दी है। आरोपी ने चिकित्सा आधार पर जमानत मांगी थी। अतिरिक्त सत्र जस्टिस देवेंद्र कुमार जांगला ने उन्हें एक लाख रुपए के निजी मुचलका और इतनी ही राशि की दो जमानत राशि पर अंतरिम जमानत दे दी।

अरोड़ा ने पिछले महीने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और नब्बे दिनों की अवधि के लिए अंतरिम जमानत की मांग करते हुए कहा था कि वह कई जानलेवा बीमारियों से पीड़ित हैं। मामले में जेल में रहने के बाद से उनका स्वास्थ्य और बिगड़ रहा है। अरोड़ा को 27 जून, 2023 को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया गया था। सुपर टेक



समूह उसके निदेशकों व प्रमोटर के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दिल्ली, हरियाणा और यूपी में प्राथमिक दर्ज हैं। अरोड़ा की ओर से पेश वकील तन वीर अहमद मीर ने दलील दी कि वह डिस्क डिजनरेटिव, गंभीर गैस्ट्रोइसोफेगल रिफ्लेक्स और ब्लैक आउट सहित विभिन्न बीमारियों से पीड़ित हैं और फ़िलहाल चिकित्सा और सर्जरी की आवश्यकता है। बता दे ईडी दिल्ली की आर्थिक अपराध शाखा, हरियाणा और उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा सुपर टेक लिमिटेड और समूह की कंपनियों के खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और जालसाज़ी के लिए दर्ज 26 एफआईआर से संबंधित मामले की जांच कर रहा है।

हरियाणा पुलिस और यूपी पुलिस ने सुपर टेक लिमिटेड और उसकी समूह कंपनियों के खिलाफ 164 करोड़ रुपए का की धोखाधड़ी के संबंध में धारा 120 बी (आपराधिक साजिश) के साथ धारा 406 (आपराधिक विश्वासघात)/420 (धोखाधड़ी)/467/471 आईपीसी के तहत कम से कम 670 घर खरीदारों को धोखा देने का आरोप लगाया है। ईडी ने यह भी आरोप लगाया कि सुपर टेक लिमिटेड द्वारा एकत्र की गई राशि को संपत्तियों की खरीद के लिए उनके समूह की कंपनियों और बहुत कम मूल्य वाली जमीन वाली कंपनी को भेज दिया गया।

# शार्ट न्यूज

## नोएडा में सर्दी से हाल बेहाल

नोएडा। नोएडा में अब रिकॉर्ड तोड़ सर्दी पड़ रही है। जिसकी वजह से लोगों का बुरा हाल है। बर्फीली हवाओं का भी दौर जारी है। कोहरे और गलन ने लोगों को कपकपाने पर मजबूर कर दिया है। लोग इस भीषण सर्दी से बचने के लिए आग और हीटर का सहारा ले रहे है। आईएमडी के मुताबिक 22 जनवरी तक घना कोहरा और तेज ठंड रहेगी। न्यूनतम तापमान 5 से 6 डिग्री और अधिकतम तापमान 18 से 19 डिग्री सेल्सियस रहेगा। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक सोमवार को न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जोकि रविवार को 5.9 था। वहीं, नोएडा के कई इलाकों में वायु प्रदूषण 290 रिकार्ड किया गया। मंगलवार सुबह ठंड और बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने ठंड के लिए ' अलर्ट जारी कर दिया है। इस दौरान एक्सप्रेस वे पर रात और सुबह के समय विजिबिलिटी शून्य रहेगी। वहीं, दिन के समय भी तापमान गिरने की वजह से ठंड बनी रहेगी। आईएमडी रिपोर्ट के मुताबिक, 17 जनवरी की सुबह तक घना कोहरा और ठंड की स्थिति बनी रहेगी। तापमान दिन के समय सामान्य से तीन से पांच डिग्री तक कम रहेगा।

## नोएडा में चलती कार में लगी भीषण आग

गौतम बुद्ध नगर। नोएडा में एक चलती कार में अचानक से आग लग गई। यह आग इतनी तेजी से लगी कि पूरी कार को अपनी आगोश में ले लिया। चंद मिनट में ही कार जलकर राख हो गई। सूचना के बाद दमकल विभाग की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश की गई लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। दरअसल सोमवार की रात को सेक्टर 63 में स्थित गांव वाजिदपुर के पेट्रोल पंप के पास सेक्टर 63 की ओर जा रही हुंडई आई-20 कार में अचानक से आग लग गई। कार में सवार व्यक्ति ने कार में लगी आग देख कार को रोक दिया, और कार से तेजी से नीचे उतर गया। जैसे ही वह कार से नीचे उतरा, इतनी ही देर में आग ने और ज्यादा विकराल रूप ले लिया। कार धू धू करके जलनी शुरू हो गई। कार में आग लगने की सूचना तत्काल प्रभाव से दमकल विभाग की टीम और पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर तत्काल कोतवाली 63 पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। एक फायर टेंडर की मदद से आग पर पूरी तरह काबू का लिया गया। लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक कर जलकर राख हो चुकी थी। गनीमत यह रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

## नोएडा में महिला की पिटाई

गौतम बुद्ध नगर। नोएडा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कुछ महिलाएं एक महिला को बुरी तरह पीटते नजर आ रही हैं। पुलिस के द्वारा इस वीडियो के बारे में जमीनी विवाद को लेकर परिवार के लोगों के बीच झगड़ा बताया जा रहा है। मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। दरसअल नोएडा के थाना 126 क्षेत्र के गढ़ी शाहपुर की रहने वाली पीड़िता नताशा चौहान ने बताया कि करीब डेढ़ साल पहले उनके पति की कैंसर से मौत हो गई थी। इसके बाद ससुराल वालों ने शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। वे लोग अक्सर मारपीट करते रहते हैं। इनके खिलाफ पहले भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। सोमवार की दोपहर चचिया ससुर के परिवार वालों ने घर में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ की। इन लोगों ने हथौड़ा मारा है। उनका मकसद हत्या कर जमीन पर कब्जा करने का है। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि किस तरह से कई महिलाएं एक महिला के साथ मारपीट कर रही हैं। महिला लगातार चिल्ला रही हैं। दरसअल जो महिला पीट रही हैं, उनका नाम नताशा चौहान है। उसने अपने चचिया ससुर के परिवार पक्ष के लोगों पर ही मारपीट करने का आरोप लगाया। वीडियो में दिख रहे लोग उसके ससुराल पक्ष के हैं।

## पत्नी की हत्या कर पति फरार

ग्रेटर नोएडा। नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के तुगलपुर गांव में पति ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया। मकान मालिक ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस आरोपी पति की तलाश में जुटी है।पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक तुगलपुर गांव में छह दिन पहले बिरमी के मकान में दंपति ने किराये पर कमरा लिया था। मकान मालिक बिरमी ने मंगलवार की शाम पुलिस को सूचना दी कि उनके मकान के एक कमरे में महिला रचना का शव पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन की। पुलिस की जांच में पता चला महिला का पति तेजेंद्र घर से गायब है। आशंका है कि पति हत्या की घटना को अंजाम देकर फरार हुआ है। एसीपी राम कृष्ण तिवारी ने बताया कि महिला की पहचान रचना निवासी इटावा के रूप में हुई है। पुलिस महिला के पति के तलाश में जुटी है। पुलिस ने हत्या आरोपी पति तेजेंद्र की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को मृतका के कमरे से एक आधार कार्ड मिला है, जिसमें आरोपी पति का पता आगरा का लिखा हुआ है। पुलिस का दावा है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

## बच्ची से दुष्कर्म करने वाले को 20 वर्ष कारावास

**ग्रेटर नोएडा।** न्यायालय ने मंगलवार को चार वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के दोषी को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। उस पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। कोर्ट का फैसला आने के बाद वह सिर पकड़कर जमीन पर बैठ गया।यह मामला कोर्ट में पांच साल से विचाराधीन था। विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) चवन पाल सिंह ने बताया कि 30 जनवरी 2019 को रबूपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव में चार वर्षीय बच्ची पड़ोसी ब्रह्मजीत के घर की छत पर खेल रही थी। वहां ब्रह्मजीत का बेटा मोहन भी मौजूद था। मोहन ने बच्ची को अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। लहुलूहान स्थिति में बच्ची रोते हुए अपने घर पहुंची। मां बच्ची को लेकर आरोपी के घर पहुंची। आरोपी पक्ष ने उन्हें गाली गलौज कर भगा दिया। इसके बाद बच्ची को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका मेडिकल परीक्षण हुआ। इस मामले में बच्ची की मां ने आरोपी मोहन के खिलाफ दुष्कर्म की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई। यह मामला न्यायालय अपर सत्र विशेष न्यायाधीश चंद्रमोहन श्रीवास्तव की कोर्ट में विचाराधीन था।

## सहायक प्रबंधक को ईनाम का झांसा देकर ठगी

ग्रेटर नोएडा। साइबर अपराधी ने यमुना प्राधिकरण के सहायक प्रबंधक को ईनाम का झांसा देकर 48 हजार रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित सहायक प्रबंधक ने सेक्टर बीटा-2 कोतवाली में केस दर्ज करवाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सहायक प्रबंधक रिंकू कुमार ने पुलिस को बताया कि एक सप्ताह पहले उनके मोबाइल फोन पर किसी अज्ञात व्यक्ति की कॉल आई। कॉलर ने कहा कि उनके द्वारा किसी मॉल में भरे गए कूपन पर उनका पुरस्कार निकला है। पुरस्कार लेने के लिए उन्हें कुछ जानकारी देनी होगी। इसके बाद साइबर ठग ने सहायक प्रबंधक से फोन पर कुछ जानकारी ली और फोन काट दिया। कुछ देर बाद उनके सैलरी अकाउंट से 48 हजार रुपये कट गए। बैंक से मैसेज आने पर उन्हें अपने साथ हुई ठगी की जानकारी हुई। इसके बाद उन्होंने उक्त नंबर पर बात करने का प्रयास किया तो वह स्विच ऑफ मिला। अब इस मामले में सहायक प्रबंधक ने पुलिस से शिकायत की है। सेक्टर बीटा-2 कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि सहायक प्रबंधक की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## मांगों को लेकर पंप ऑपरेटरों का प्रदर्शन

ग्रेटर नोएडा। किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में पंप ऑपरेटर कर्मचारियों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य गेट को बंद कर प्रदर्शन और पंचायत की। साथ ही नौ सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्य कार्यपालक अधिकारी के नाम ज्ञापन जीएम जितेंद्र गौतम को सौंपा।किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विकास प्रधान और उपाध्यक्ष आलोक नागर ने कहा कि 15 दिन में सभी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो प्राधिकरण पर सभी कर्मचारी परिवार सहित अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करेंगे।उन्होंने कहा कि पंप ऑपरेटर कर्मचारियों को जैम पोर्टल से जोड़ा जाए। सभी कर्मचारियों का वेतन महीने के पहले सप्ताह में दिया जाए। 2018 के बाद से कुछ कर्मचारियों को ईएसआई और पीएफ की सुविधा नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों का दुर्घटना बीमा कराया जाए और आईकार्ड दिया जाए।

# नोएडा सेक्टर-62 से साहिबाबाद तक चलेगी मेट्रो

## पांच स्टेशन बनेंगे, 1873 करोड़ रुपए होंगे खर्च; डीएमआरसी ने बनाई डीपीआर

**गाजियाबाद।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने नोएडा के सेक्टर-62 से गाजियाबाद में साहिबाबाद तक मेट्रो चलाने के लिए डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) बना ली है। डीएमआरसी ने ये रिपोर्ट गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को सौंप दी है। इसके मुताबिक, करीब 5 किलोमीटर लंबे इस रूट पर पांच स्टेशन बनेंगे। इस प्रोजेक्ट पर 1873 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है।

नोएडा सेक्टर-62 से सीआईएसएफ रोड होते हुए मेट्रो लाइन गाजियाबाद में गांव कनावनी तक लाई जाएगी। मेट्रो के पिलर्स सड़क के बीचोंबीच बनेंगे। कनावनी से ये लाइन इंदिरापुरम थाने



की तरफ मुड़ जाएगी। यहां से वसुंधरा सेक्टर-7 होते हुए साहिबाबाद गांव के सामने लिंक रोड पर जाकर मेट्रो लाइन समाप्त होगी।

इस पूरे कॉरिडोर पर साहिबाबाद, वसुंधरा सेक्टर-7, शक्तिखंड, डीपीएस इंदिरापुरम और वैभवखंड में मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे।

### 356 करोड़ रुपए बढ़ गई कॉस्ट

इससे पहले 1517 करोड़ रुपए की डीपीआर तैयार हुई थी। उसमें मेट्रो के चार स्टेशन प्रस्तावित किए गए थे। अब नई डीपीआर में इसकी लागत 356 करोड़ रुपए बढ़ गई है। वहीं एक स्टेशन भी बढ़ा दिया गया है। इसके साथ ही मेट्रो लाइन के कुछ अलाइनमेंट में भी परिवर्तन किया गया है। अब जो नई लाइन का प्रस्ताव तैयार किया गया है, इसमें 7690 वर्गमीटर जमीन निजी आ रही है। हालांकि निजी जमीन सीआईएसएफ और आवास-विकास की बताई जा रही है, जिसे वार्ता करके लिया जाएगा।

मेट्रो प्रोजेक्ट पर आने वाले खर्च का 20 फीसदी वहन केंद्र सरकार करेगी। बाकी 40 फीसदी खर्च के लिए गाजियाबाद जिला प्रशासन, आवास विकास परिषद से बातचीत कर रहा है। अगर ऐसा हो जाता है तो बाकी 40 फीसदी गाजियाबाद विकास प्राधिकरण खर्च करेगा। डीएमआरसी ने पूरी डीपीआर जीडीए को सौंप दी है। अब जीडीए में जल्द ही इस पर एक बैठक बुलाई जाएगी और मंथन होगा कि फंड का इंतजाम कैसे किया जाए।

# विजिबिलिटी कम के कारण टकराई एक दर्जन गाड़ियां, चार घायल

**ग्रेटर नोएडा।** बाईपास पर घने कोहरे की वजह से एक भीषण सड़क हादसा हो गया। घना कोहरा होने के कारण करीब 10 वाहन आपस में टकरा गय। पहले आईसर कैंटर ट्रक से टक्कराया फिर कोहरे के कारण एक-एक करके गाड़ियां आपस में टकराती चली गई, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और राहत और बचाव कार्य में जुट गई।।इस हादसे में चार लोग घायल हो गय जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है, और दुर्घटना के बाद हाईवे पर लगे जाम को जेसीबी, क्रेन हाइड्रा की मदद से रोड को खुलवाया गया। घने कोहरे की वजह से हुए हादसे के बाद वाहनों की हालत क्षतिग्रस्त हो गई।

दादरी क्षेत्र के अंतर्गत बाईपास पर समय सुबह लगभग 9 बजे के अंडरपास से उतरते ही आईसर कैंटर द्वारा लेफ्ट टर्न लिया गया, जिसके पीछे एक ट्रक टकराया और उसके पीछे आईसर कैंटर रूक गया। फिर कोहरे के कारण एक-एक करके गाड़ियां 10 गाडिया आपस में टकराती चली गई, एडिशनल डीसीपी आशोक कुमार ने बताया कि इस हादसे मे कैलाश प्रशांत, अपूर्व परमार, केशव, और मोहन स्वरूप घायल हो गए थे। जिन्हे दादरी पुलिस ने सीएचसी दादरी पर इलाज के भर्ती कराया है। मोहन स्वरूप की हालत गंभीर है। पुलिस के द्वारा क्रेन बुलाकर गाड़ियों को रोड से साइट किया गया। और ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू किया गया।

# फ्लैट में चोरी करने वाले शातिर गिरफ्तार

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा की थाना फेस टू पुलिस ने एक फ्लैट में हुई लाखों रुपए की चोरी का खुलासा किया है।

इस दौरान पुलिस ने फ्लैट में हाउसकीपिंग का काम करने वाले व्यक्ति सहित दो गिरफ्तार किया। पुलिस ने चोरों के कब्जे से 2 लाख 23 हजार रुपए की नकदी और उसके अलावा लाखों रुपए के सोने और चांदी के जेवरात व अन्य सामान बरामद किए हैं।

दरअसल 25 दिसम्बर को एक महिला द्वारा थाना फेस 2 सूचना दी गई कि 24 दिसम्बर की शाम को वह अपने घर का लॉक लगाकर कर लोटस पनास सोसाइटी में मेला में गई थी, जहां पर उनके द्वारा स्टाल लगाया गया था। मेला समाप्त होने के बाद जब वह रात के 11.00 बजे वापस अपने फ्लैट पर आई और फ्लैट को खोला तो देखा कि घर कि अलमारी खुली हुई थी। नीचे सामान बिखरा हुआ था, सामान चेक किया तो पता चला कि लगभग 85,000 रुपए, सोने और डायमंड की ज्वैलरी, चांदी की पायल 3 जोड़ी, एक ब्रेसलेट चांदी, तीन लेडीज घडी गायब थी और लॉक टूटे हुए थे और फ्लैट की 3 चाबियों में से एक चाबी गायब थी। महिला की शिकायत पर थाना फेस-2 नोएडा पर चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया। घटना के जल्द अनावरण के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया।

# मोबाइल टावर से उपकरण चोरी करने वाले 3 गिरफ्तार

## फार्चूनर कार से करते थे रेकी, टोकने पर खुद को बताते थे कंपनी का कर्मी

नोएडा। थाना सेक्टर-126 नोएडा पुलिस ने मोबाइल टावरों में लगे महंगे उपकरण चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफ़ाश करते हुए तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। ये लोग फार्चूनर कार से टावरों की रेकी करते थे और यदि कोई टोकता था तो खुद को कंपनी का कर्मचारी बताते थे। पुलिस ने ये गिरफ्तारी एफआईआर दर्ज होने के महज 48 घंटों के अंदर की।

दरअसल, 13 जनवरी को पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराया कि कंपनी इण्डस मोबाइल टॉवर के सेक्टर-128 नोएडा में ग्रीन बैल्ट में लगे टावर से 2 आरआरयू उपकरण व अन्य सहायक उपकरण चोरी कर लिया गया। साथ ही टॉवर में लगे उपकरणों की तोड़ फोड़ की गई। बदमाशों को पकड़ने के लिए



पुलिस ने टीम का गठन किया। बीट पुलिसिंग के माध्यम से लोकल इंटेलिजेंस से जानकारी लेते हुए गोपनीय सूचना के आधार पर मात्र 48 घंटो के अंदर ही उक्त घटना का सफल अनावरण किया। तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया।

इनकी पहचान आबाद खान, शिवलोक तिवारी और विकास उर्फ टोई हुई। इन तीनों को ग्राम शाहपुर, ग्रीन बैल्ट के पास से गिरफ्तार किया गया है। इनके अन्य तीन साथी अभी फरार है। पूछताछ में बताया कि हम सभी लोग अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर एक साथी फरदीन की फार्चूनर गाड़ी से मोबाइल टावरों की रेकी करते थे। इसके बाद अलग-अलग स्थानों से मौका देखकर बैटरी, आरआरयू, ओएफसी केबिल और अन्य कीमती सामान की चोरी करते थे।

इस काम से इन लोगों को अच्छी खासी रकम खर्चे के लिए मिल जाती है। घटना करते समय दो बदमाश टावर पर चढ़कर टावर पर लगे कीमती उपकरण औजारों की मदद से निकाल लेते है। दो नीचे खड़े होकर चोरी किये गये सामान को पकड़ते है।

इसके अलावा दो और बदमाश गाड़ी में बैठकर निगरानी करते थे। चोरी के समय यदि कोई इन्हें टोकता है तो ये लोग खुद को टॉवर कंपनी का कर्मचारी बताते थे।

### अब तक गैंग पर 12 से ज्यादा मुकदमे दर्ज

इस गैंग का सरगना अनस है जो चोरी किये सामान को बेचने का कार्य करता है। इस गिरोह के द्वारा नोएडा में कई जगह पर अलग-अलग समय पर अलग-अलग टावरों से कीमती सामान बैटरी,आरआरयू, ओएफसी केबिल,और अन्य कीमती आइटम) चोरी किया गया है जिसके संबंध में गौतमबुद्धनगर के कई थानों पर 12 से ज्यादा मुकदमे दर्ज है।

इस गैंग के अन्य सदस्य अनस, फिरोज उर्फ चोंची और मोनिस उर्फ शाहरुख फरार है जिनकी शीघ्र गिरफ्तारी की जायेगी।

# हिस्ट्रीशीटर ने अधिवक्ता से ढाई लाख की रंगदारी मांगी

ग्रेटर नोएडा। जिला न्यायालय के एक अधिवक्ता ने हिस्ट्रीशीटर पर धमकी देकर ढाई लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। हिस्ट्रीशीटर की धमकी के बाद अधिवक्ता ने सूरजपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को हिरासत में लिया है।दादरी के नई बस्ती गांव के रहने वाले एडवोकेट प्रमोद कुमार शर्मा ने पुलिस को शिकायत दी कि वह 10 जनवरी को सूरजपुर स्थित न्यायालय परिसर में अपने चैंबर में बैठे थे। इस दौरान उनके ही गांव का हिस्ट्रीशीटर बदमाश नितिन पंडित अपने दो साथियों के साथ उनके चैंबर में पहुंचा। नितिन पंडित ने उनसे ढाई लाख रुपये की रंगदारी मांगी। अधिवक्ता ने रुपये देने से मना कर दिया। अधिवक्ता का आरोप है कि 12 जनवरी को हिस्ट्रीशीटर ने फोन कर फिर से रंगदारी की मांग की और रुपये नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि हिस्ट्रीशीटर हाल ही में जेल से छुटकारा बाहर आया है और फिर से आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो गया है। पीड़ित ने सुरक्षा की गुहार लगाते हुए हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार करने की मांग की है। सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया है। पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# महिला अपनी दो जुड़वां बेटियों के साथ लापता

**ग्रेटर नोएडा।** सेक्टर अल्फा-दो से एक महिला बिना बताए अपनी दो बच्चियों के साथ घर से निकल गई है। परिजनों ने महिला को काफी तलाश किया, लेकिन कोई पता नहीं चल सका है। परिजनों ने बीटा दो कोतवाली पहुंचकर गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज करवाया है।सेक्टर अल्फा-दो आई ब्लॉक निवासी शीतला प्रसाद दूबे की बेटी पारुल अपने दो बेटियों रिद्धि व सिद्धि के साथ उनके पास आई थी। पारुल अपनी दो जुड़वा बच्चियों के साथ पिता के घर पर इलाज कराने के लिए आई थी। 13 जनवरी की शाम करीब साढ़े छह बजे महिला बिना बताए घर से निकल गई। महिला के पिता ने बताया कि उनकी बेटी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, जिसका इलाज चल रहा है। पिता ने पुलिस से बेटी और उसकी दोनों बच्चियों को सकुशल बरामद करने की मांग की है।

# वाराणसी में बंद कमरे में दो दोस्तों की लाश

## 4 फीट की दूरी पर मिले शव, पुलिस बोली-अंगीठी के धुएं से दम घुटा; बेटे ने कहा-पापा की हत्या हुई

वाराणसी। वाराणसी में बंद कमरे में गार्ड और उसके दोस्त की लाश मिली है। पुलिस की जांच में सामने आया कि ठंड से बचने के लिए दोनों गार्डों ने रूम में अंगीठी जलाई थी। दोनों रूम में आग सेंक रहे थे। थोड़ी देर में कमरे में धुआं भर गया। जिसके चलते दोनों की दम घुटने से मौत हो गई।

सोमवार रात करीब 10 बजे गार्ड का बेटा इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित चांदपुर पहुंचा। यहां उसके पिता और उनके दोस्त की लाशें पड़ी थीं। दोनों के बीच की दूरी करीब 4 फीट थी। हालांकि, बेटे ने आरोप लगाए कि मेरे पिता की कुछ लोगों से रंजिश थी। उन्हीं लोगों ने उन्हें मार डाला है। पुलिस को 3 लोगों के नाम भी सौंपे हैं।

फिलहाल, पुलिस का मानना है कि दोनों की दम घुटने की वजह से मौत हुई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम



रिपोर्ट आने के बाद पूरा मामला क्लियर होगा।

### बेटे ने धक्के से गार्ड रूम खोला तो धुआं के बीच दो लाश देखीं

सोमवार रात पुष्पांजलि साड़ीज के कारखाना (यूनिट-1) के गार्ड रूम में कारखाने के गार्ड प्रेम सिंह (64) और उसके दोस्त सचाऊ पाल (51) बैठे थे। प्रेम कारखाना में सोमवार सुबह 8 बजे से रात 8 बजे की शिफ्ट में ड्यूटी करने आए थे। ड्यूटी के दौरान अपने दोस्त सचाऊ पाल के साथ गार्ड रूम में बैठकर आग सेंकने लगे।

उनके बेटे राघवेंद्र ने बताया कि हम लोग चेतनानगर कॉलोनी में रहते हैं। सोमवार रात 9 बजे तक पापा के घर नहीं आने पर उनके मोबाइल पर कॉल किया, लेकिन फोन नहीं उठा। इसके बाद मैं फैक्ट्री में पहुंचा। ड्यूटी पर गार्ड कृष्णा पांडेय दिखे। इसके बाद मुख्य गेट को फांदकर पास ही बने गार्ड रूम तक पहुंचा।

इसका दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा खुला नहीं तो आवाजें दीं। धक्के से दरवाजा खोला तो अंदर धुआं-धुआं भरा हुआ था। थोड़ी देर बाद देखा कि मेरे पिता और उनके दोस्त सचाऊ कमरे में जमीन पर पड़े हैं। पहले लगा कि वो दोनों बेहोश हैं, लेकिन पास जाकर देखा तो उनकी सांसें थम चुकी थी। इसके बाद मैंने 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को बुलाया।

### सीसीटीवी में दोनों आग तापते दिखे

डीसीपीवरुणा जोन अमित कुमार ने बताया, गार्ड रूम में धुआं भरा था। कमरे के बीच में एक कोयले की अंगीठी जल रही थी। ऐसा लग रहा था कि धुआं की वजह से दम घुटा और दोनों की मौत हो गई। बाकी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट हो सकेगा।

छोटे कमरे में अंगीठी जल रही थी। ये कमरा सिर्फ 8 बाई 8 का है। खिड़की भी बंद थी। इस कमरे में किसी के जबरन घुसने और संघर्ष करने के साक्ष्य नहीं मिले हैं। कारखाने में लगे सीसीटीवी में दोनों सोमवार शाम 5 बजे से 8 बजे तक आग तापते दिख रहे हैं।

# पुलिस ने चेकिंग के दौरान चार शराब तस्कर किया गिरफ्तार

## 77 पेटी शराब बरामद हरियाणा से बागपत में हो रही थी शराब की तस्करी



बागपत। बागपत में पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान चार शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है शराब तस्कर हरियाणा से बागपत में शराब तस्करी के लिए ला रहे थे। इनके कब्जे से तीन गाड़ी और 77 पेटी अवैध शराब बरामद हुई है। गिरफ्तार शराब तस्कर रोजाना हरियाणा से बागपत में शराब की तस्करी कर रहे थे। तस्करी कर कमाए गए 50 हजार रुपए बरामद हुए हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की पड़ताल में जुटी है। बागपत पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर यूपी हरियाणा बोर्डर चौकी निवाड़ा पर चैकिंग के दौरान 4 शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह शराब तस्कर लगातार हरियाणा से बागपत में शराब की तस्करी कर रहे थे पुलिस ने घेराबंदी करते हुए चार शराब तस्करों को गिरफ्तार किया इनके कब्जे से तीन गाड़ियों में भरकर लाई जा रही 77 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की है। 3 शराब से भारी कार पुलिस ने कब्जे में ली है। गिरफ्तार शराब तस्कर शराब की बोतलों पर अन्य कंपनी के मार्का लगाकर अच्छे रेट में मार्केट में शराब को बेचते थे उनके द्वारा शराब बेचकर कमाए गए 50 हजार और तीन मोबाईल फ़ोन पुलिस ने बरामद किए हैं।

## शार्ट न्यूज

### चोचकपुर बाजार में सरकारी अलाव की व्यवस्था से वंचित, ठिठूर रहे राहगीर

**हरिनारायण यादव ब्यूरो विशाल इंडिया**

**गाजीपुर** । करंडा क्षेत्र के चोचकपुर बाजार समेत अन्य स्थानों पर सरकारी आलाव की व्यवस्था से राहगीर वंचित हैं। बाजार इस समय बर्फीली हवाएं चल रही है और पूरे उत्तर भारत में ठंड का प्रकोप बहुत ज्यादा है,करण्डा थाना क्षेत्र के अंतर्गत चोचकपुर ग्राम सभा में अलाव की व्यवस्था से लोग वंचित है, स्थानीय लोगों में आक्रोश है। इस क्रम स्थानीय दुकानदार गजानन चौधरी ने कहा जहां पहले गंगाघाट वाले रास्ते,जीप स्टैंड,त्रिमुहानी पेट्रोल टंकी,व अन्य जगहों पर अलाव जलते थे,पर इस साल कोई सरकारी व्यवस्था नहीं किया गया,चंदन गुप्ता ने कहा कि हमलोग अपने निजी लकडीयां जला कर ग्राहकों और खुद ताप रहे हैं, अन्य लोगों ने कहा कि हम सब लोग अपने अपने अलाव की व्यवस्था पर हैं, सरकारी अलाव के भरोसे पर नहीं !

### सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ




**ललितपुर।** सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मनाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 15. जनवरी से 14. फ़रवरी तक के क्रम में 16.01.2024 को स्थानीय बस स्टैण्ड पर सड़क सुरक्षा माह 2024 का शुभारम्भ किया गया। जिसमें सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, मो0 कय्यूम द्वारा आम जन मानस को सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। यातायात उप निरीक्षक अतुल कुमार तिवारी द्वारा सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया एवं यातायात नियमों का पालन किये जाने की अपील की गयी। सहायक सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक देवदत्त कुमार द्वारा वाहन संचालन के समय वरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया गया। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, एवं यातायात निरीक्षक द्वारा प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। उपस्थित बस चालकों एवं उपस्थित जन समुदाय को सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित पम्पलेट वितरित कर यातायात नियमों के पालन किये जाने की अपील की गयी।

### वाहनों से उतरवाये गये अवैध तरीके से लगे हूटर



ललितपुर। यातायात व्यवस्था सुदृढ़ रह सके इसके लिए पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के आदेश व अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार और क्षेत्राधिकारी यातायात राजकुमार मिश्रा के संयुक्त पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी उप निरीक्षक आलोक कुमार तिवारी अपनी टीम के साथ लगातार कार्यवाहियों को अंजाम दे रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को यातायात पुलिस ने वाहनों पर लगे हूटरों और शीशे पर चढ़ी काली फिल्म के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के तहत चार पहिया वाहनों पर अवैध तरीके से लगाये गये हूटरों को उतारा गया तो वहीं शीशों पर लगे काली फिल्म को भी उतरवाया गया। इस दौरान यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने दुकानदारों को दुकान का सामान बाहर न रखने के लिये। इसके अलावा अवैध अस्थाई, स्थाई अतिक्रमण हटाने के लिये जागरूक किया गया। आम जन-मानस को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जागरूक किया गया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करें, तीन सवारी बैठाकर दो पहिया वाहन न चलायें, वाहन को ओवर-स्पीड में न चलाये, एम्बुलेन्स व अन्य आकस्मिक सेवा सम्बन्धी वाहनों को रास्ता दें, सड़क पर वाहन चलाते समय हमेशा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें। जिससे हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके।

### महिला को गोली मारने वाले 3 लोगों को सजा

कन्नौज। कन्नौज में लोडर सवार बदमाशों द्वारा महिला को गोली मारकर घायल कर देने के मामले में कोर्ट ने 3 आरोपियों को दोषी करार दिया। जिसमें से एक आरोपी को 5 वर्ष तो दो अन्य को 2-2 साल के जेल की सजा सुनाई है। तीनों पर जुर्माना भी लगाया गया। घटना विशुनगढ़ कस्बे की है। जहां 29 अगस्त 2017 की रात 2 बजे लोडर सवार कुछ लोग पहुंचे और कस्बे के रहने वाले सुरेश चंद्र के घर के बाहर बंधी बकरियों को खोलकर लोडर में लादने का प्रयास करने लगे। बकरियों की आवाज सुनकर उनकी पत्नी पुष्पा देवी की आंख खुल गई। उन्होंने घर के बाहर मौजूद बदमाशों को देख कर शोर मचाया तो बदमाशों ने फायरिंग कर दी। गोली लगने से पुष्पा देवी घायल हो गईं थीं। घटना के वक्त उनके पति और बेटा घर पर नहीं थे। वापस लौटकर पति सुरेश चंद्र ने विशुनगढ़ थाना पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसकी विवेचना एसआई बृजेश बाबू यादव और सोबरन सिंह ने की। पड़ताल के दौरान कासगंज जिले के भरगैन गांव निवासी अफजाल उर्फ वजीर, शाहजहांपुर जिले के कोलाघाट निवासी निजामत अली व याद मोहम्मद के नाम सामने आए। जिनको पुलिस ने अरेस्ट कर जेल भेज दिया था। इनके पास से पुलिस ने चोरी की हुई बकरियां और तमंचा बरामद किया था।

### घुस लेते पकड़ा गया नगर निगम कर्मचारी

लखनऊ। नगर निगम जोन की महिला बाबू नीलम साहू को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने घुस लेते हुए पकड़ा है। बताया जा रहा है कि प्रचार विभाग में तैनात बाबू काम के बदले काफी दिन से पैसे की डिमांड कर रही थी। नगर निगम में आला अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी मामला नहीं बना तो पीड़ित पक्ष ने एंटी करप्शन ब्यूरो में शिकायत दर्ज करा दी। उसके बाद मंगलवार को उसको पैसा दिया गया और टीम ने आकर उसको रंगे हाथ पकड़ लिया। टीम के साथ वजीरगंज थाने की पुलिस भी मौजूद थी। बताया जा रहा है कि महिला सिपाहियों की मौजूदगी में नीलम साहू को पुलिस ले गई है। हालांकि इस मामले में अभी नगर निगम की तरफ से कोई जवाब नहीं आया है। यहां तक की घटना के बाद नगर निगम के कई अधिकारियों ने फोन उठाना तक बंद कर दिया। इसस पहले एंटी करप्शन की टीम ने 8 हजार रुपए के साथ नगर निगम जोन दो के एक बाबू को पकड़ा था। तब बाबू काम कराने के लिए पीड़ित से 20 हजार रुपए की मांग कर रहा था। पैसा नहीं दिया तो उसको काफी परेशान कर रहा था ।कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान ने बताया कि नगर निगम में आम लोगों को काफी परेशान किया जा रहा है। इसको लेकर वह सदन में कई बार आवाज बुलंद कर चुके हैं। उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### पुलिस और क्राइम ब्रांच ने चोरों को पकड़ा

फतेहपुर। फतेहपुर में मोबाइल टावरों में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के 3 सदस्यों को पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया है। जिनके निशानदेही पर पुलिस ने एक ईंट भट्ठे से चोरी का लाखों रुपए का माल बरामद किया है ।पुलिस के अनुसार गिरोह के दो सदस्य फरार चल रहे है। पुलिस लाइन परिसर के मनोरंजन कक्ष में खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने बताया कि जिले के औंग थाना प्रभारी कांती सिंह और क्राइम ब्रांच प्रभारी रणजीत बहादुर सिंह वाहनों की चेकिंग कस्बे के खदरा अंडर पास के पास कर रहे थे ।तभी मुखबिर ने सूचना दिया कि एक बाइक पर तीन अंतर्जनपदीय शातिर चोर चोरी का माल लेकर जा रहे है। पुलिस ने मुखबिर के सूचना पर घेराबंदी करते हुए बाइक को रोककर बाइक में बंधी बोरी की तलाशी लिया तो उसमें बैटरी का रागा बरामद हुआ ।पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ किया तो तीनों ने जिले में 10 जगह पर टावरों से 270 बैटरी की चोरी और अन्य सामान को चोरी करने की बात कही ।यह लोग चोरी करने के बाद बसावनापुर के पास बन्द एक ईंट भट्ठा में छिपाकर रखा देते थे।

# हापुड़ में केसिनो का भंडाफोड़

## कैश और ताश की गड्डियों समेत 17 गिरफ्तार



हापुड़। क्यूआर कोड जारी कर मिनी केसिनो चलाने वानों का हापुड़ पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने जुआ, सट्टा पकड़कर 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से एक लाख 14 हजार 895 रुपये नकदी, 18 मोबाइल फोन, 5 कैल्कुलेटर, एक लैपटॉप, 74 रशीद बुक, 28 रजिस्टर, 6 डेली डायरी, 537 ताश की गड्डी, 01 क्यूआर कोड, 3 फ्लैक्स बोर्ड बरामद हुए हैं। एसपी अभिषेक वर्मा ने बताया कि मुजफ्फरपुरा निवासी राजेन्द्र उर्फ राय के यहां छापा मारा। आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है जो अपने मकान में जुआ/सट्टा खिलाता है तथा क्क्रकोड जो राजेन्द्र के मोबाइल नंबर से लिंक है, उसपर ऑनलाइन पेमेन्ट करके जुआ और सट्टा खिलाकर धंधा चला रहा था। एसपी ने बताया कि इस घर की खास बात यह थी कि जब पुलिस टीम वहां छापा मारने पहुंची तो वहां वहां छोटे छोटे रास्ते बने मिले, जिस पर लोग अलग अलग कमरों में छिपे हुए थे। इन रास्ते में छिपे 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया। मुख्य आरोपी राजेंद्र पर पहले से ही 5-6 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में मोहल्ला मुजफ्फरपुरा मीनाक्षी रोड निवासी राजेन्द्र उर्फ राय, ग्राम दादरी निवासी शक्ति सिंह मोहल्ला शास्त्री नगर मीनाक्षी रोड निवासी शोभित, मेरठ निवासी वेदप्रकाश, कमल, महेन्द्र, भविष्य, मोहल्ला सफियान हापुड़ निवासी नासिर, ग्राम कैसी निवासी कुलदीप, सुभाष नगर निवासी मदन लाल, ग्राम खड़खड़ी निवासीओमप्रकाश, सिकंदर गेट निवासी आबिद हसन, कासमपुरा निवासी रिंकू, जसरूपनगर निवासी भोला शंकर उर्फ लक्की, श्रीनगर देवलोक कालोनी निवासी मुकेश कुमार, बाबूगढ़ छावनी निवासी संजीत कुमार, ग्राम सैदपुर थाना बीबीनगर निवासी ईश्वर सिंह हैं।

# किराएदार ने की थी बुजुर्ग व्यापारी की हत्या

अलीगढ़। अलीगढ़ में शुक्रवार को हुई बुजुर्ग व्यापारी की संदिग्ध मौत का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। बुजुर्ग के घर में रहने वाले किराएदार ने ही अपने 3 साथियों के साथ मिलकर उसकी हत्या की थी और फिर घर में रखी नकदी और दूसरे कीमती सामान को चोरी कर लिया था। घटना के बाद से पुलिस लगातार मामले की जांच कर रही थी और पुलिस मंगलवार को आरोपियों तक पहुंच गई। हत्या के मुख्य आरोपी किराएदार और उसका साथ देने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की निशानदेही से हत्या में इस्तेमाल किया गया लाठी और लोहे की रॉड भी बरामद कर ली गई है। चंडौस के गांव भोजपुर के डाबर रोड निवासी रमेश चंद्र (65) का शव 12 जनवरी को अपने घर पर ही मिला था। वह अपने घर पर अकेले रहते थे। कई वर्षों पहले उनकी पत्नी का निधन हो गया था। उनके तीन बेटे और उनका परिवार दिल्ली में ही रहता है। बुजुर्ग अपने घर पर अकेले रहते थे और घर पर ही दुकान चलाते थे। घटना के दिन बुजुर्ग दोपहर तक अपने घर के बाहर नहीं निकले थे।

# गोलगप्पे फ्री न खिलाने पर मार डाला

## दबंगों ने इतना पीटा कि अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ दिया दम; पुलिस बोली पीएम के बाद कार्रवाई करेंगे

कानपुर। कानपुर में गोलगप्पे फ्री में न खिलाने पर दबंगों ने चार साथियों के साथ मिलकर दुकानदार का इतना पीटा कि वो मर गया। देर रात घर पहुंचने पर दुकानदार की हालत बिगड़ी तो परिजन अस्पताल ले गए। इलाज के कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। दुकानदार की पत्नी ने दबंग व उसके साथियों के खिलाफ तहरीर दी है।

### कानपुर में किराए पर रहता था परिवार

कानपुर देहात के मूसानगर रहने वाले 40 वर्षीय प्रेमचन्द्र निषाद पत्नी शशि देवी, बेटा अनुज, बेटी मानसी, प्रियांशी और दिव्यांशी के साथ चकेरी क्षेत्र स्थित सफीपुर में कैलाश चंद्र के मकान में किराए पर रहते थे। वह ठेले पर गोलगप्पे बेचकर परिवार का भरण-पोषण करता था।

### रास्ते में रोककर की मारपीट

परिजनों के मुताबिक रविवार देर शाम प्रेमचंद्र ठेला लेकर घर लौट रहे थे। सफीपुर मोड़ के पास इलाके का एक दबंग अपने चार साथियों के साथ खड़ा था। उसने प्रेमचन्द्र को रोका और मुफ्त में गोलगप्पे खिलाने को कहा।



प्रेमचन्द्र के मना करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और जमकर मारा पीटा। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया। प्रेमचंद्र ठेला लेकर घर पहुंचे और पत्नी शशि को घटना बताई।

### रात में अचानक बिगड़ी तबीयत

रात में अचानक प्रेमचंद्र की हालत बिगड़ी तो परिजन अस्पताल लेकर भागे। पहले निजी अस्पताल ले गए वहां से उर्सला लाए। उर्सला में इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

सोमवार सुबह घटना की जानकारी पर पुलिस पहुंची और जांच-पड़ताल की। परिजनों ने दबंग व उसके साथियों पर हत्या का आरोप लगाया है।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाई

चकेरी थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि परिजनों की ओर से तहरीर दी गई है।

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी। सहायक पुलिस आयुक्त दीलिप कुमार सिंह के अनुसार लड़ाई-झगड़ा हुआ था।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जो भी तथ्य पता चलेंगे उसके आधार कार्रवाई होगी। फिलहाल बॉडी पर चोट का कोई गहरा निशान नहीं मिला है।

# सुप्रीम कोर्ट का आदेश- ज्ञानवापी में टैंक की सफाई करें

## कहा-संरचना से छेड़खानी न हो, वाराणसी डीएम की देखरेख में होगा काम

**वाराणसी।** वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर में बने टैंक की 20 महीने बाद सफाई होगी। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इसका आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि टैंक की सफाई डीएम वाराणसी की देख-रेख में होगी। इस दौरान टैंक में बनी संरचना से छेड़खानी नहीं होनी चाहिए। ज्ञानवापी के वजूस्थल में बने टैंक में मई 2022 में कमिश्नर सर्वे के दौरान कथित शिवलिंगनुमा आकृति मिली थी।

हिंदू पक्ष ने दावा किया था कि यह शिवलिंग है। जबकि मुस्लिम पक्ष यानी अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने इसे फव्वारा बताया था। इसके बाद 17 मई 2022 को वाराणसी कोर्ट ने इस



वजूस्थल को सील करने का आदेश दिया था। तब से परिसर का यह एरिया सील है।

इसी साल, 2 जनवरी को हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इसमें ज्ञानवापी परिसर में मिले कथित शिवलिंग के सील वाले इलाके की साफ-सफाई को लेकर मांग की थी। उन्होंने दावा किया कि कथित शिवलिंग के पास मौजूद पानी के टैंक में मछलियां मर गई हैं। उसे मई 2022 से साफ नहीं किया गया। इस पर मंगलवार को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सफाई का आदेश दिया।

### 16 मई को मिला था कथित शिवलिंग

वाराणसी कोर्ट के आदेश पर ज्ञानवापी परिसर का 2022 में 6 से 16 मई के बीच कमिश्नर सर्वे हुआ था। इस दौरान वजूस्थल पर कथित शिवलिंगनुमा आकृति मिली थी। इस आकृति को हिंदू पक्ष ने शिवलिंग बताते हुए कोर्ट में अर्जी देकर उस स्थान को सील करने की मांग उठाई थी। तर्क था कि मुस्लिम पक्ष छेड़छाड़ कर सकता है। इसके बाद सिविल जज सीनियर डिवीजन ने तत्काल प्रभाव से वजूस्थल को सील करने का आदेश दिया था। इसके अगले दिन यानी 17 मई को डीएम ने वजूस्थल को सील कर दिया था। CRPF को वजूस्थल की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी थी। तब से वजूस्थल में 24 घंटे सुरक्षाकर्मी तैनात रहते हैं। इसके बाद हिंदू पक्ष ने वजूस्थल को छोड़कर संपूर्ण परिसर का सर्वे कराने की कोर्ट की मांग की थी।

# अंतर्जनपदीय ठग गिरोह के 4 सदस्य गिरफ्तार

गाज़ीपुर। स्वाट व थाना नंदगंज पुलिस टीम ने अंतर्जनपदीय ठग गिरोह के 04 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार ठगों के कब्जे से ठगी के 01 लाख 82 हजार रुपये नगद व 10 फर्जी आधार कार्ड बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया की जालसाजी का पीड़ित शिवराज यादव ने पुलिस को सूचना दिया कि मेरे साथ जालसाजी करके मेरा 12 लाख रूपये एक महीने मे दोगुना कर देने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी पुनः किसी नये घटना को अंजाम देने के लिए रामपुर बन्तरा ओवरब्रिज के नीचे इकट्ठा हुए है तथा मुझे भी मेरा रुपया देने के लिए बुला रहे हैं। इस सूचना पर बन्तरा ओवरब्रिज के नीचे से पुलिस ने 04 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। मौके से अँधेरे का फायदा उठाकर 1 व्यक्ति फरार हो गया। पकड़े गये व्यक्तियों के कब्जे से ठगी किये 01 लाख 82 हजार रुपये व ठगी में इस्तेमाल करने वाले फर्जी 10 आधार कार्ड बरामद किये गए। गिरफ्तार आरोपियों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि उनका एक संगठित गिरोह है, जो जनपद गाजीपुर, वाराणसी , चंदौली, आजमगढ़ व जौनपुर में फैला हुआ है। जिसके लोगों द्वारा किसी व्यक्ति को पहले पैसा दुगुना करने के नाम पर ले जाते हैं और हमी लोगों में से कोई व्यक्ति कपड़े का व्यवसायी, कोई मैनेजर, कोई ज्योतिषी(पण्डित) बन जाता है और उस व्यक्ति को पहले कुछ रुपये जिताये जाते हैं। फिर एक मोटी रकम साजिश के तहत हरा दिया जाता है और हम लोग उसका सारा पैसा जीत लेते हैं।

# दो किलो अवैध गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

ललितपुर। सदर कोतवाली अंतर्गत चौकी बिरधा क्षेत्र में पुलिस ने गश्त के दौरान एक शातिर बदमाश को हिरासत में लिया है। पकड़े गये बदमाश के पास से पुलिस ने दो किलो अवैध गांजा बरामद किया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुये बताया कि उप निरीक्षक कुलदीप राणा अपने हमराह उप निरीक्षक रामसेवक, कां.राहुल चौधरी व कां.अमिताब व कां.विपिन कुमार के साथ सरकारी गाड़ी संख्या यू.पी.94 जी 0190 से मस्जिद तिराहा पर गश्त कर रहे थे। इसी बीच उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति मोटर साइकिल पर बैग में संदिग्ध वस्तु लिए हुये है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने हमराहियों के साथ मौके पर पहुंच कर देखा तो उक्त व्यक्ति पुलिस को देखकर वहां से भागने लगा। पुलिस ने बिरधा बाईपास के पास से युवक को घेरकर पकड़ लिया। पुलिस ने जब उसके पास से बरामद बैग की तलाशी ली तो उसने दो पैकेट टेप से बंधे हुये पाये गये। इन पैकेट में दो किलो अवैध गांजा बरामद किया गया।

# जिलाधिकारी की अनूठी पहल, कलैक्ट्रेट में मातृत्व कक्ष की हुई शुरुआत

ललितपुर। आगंतुक महिलाओं व कर्मचारी महिलाओं को मिलेगा लाभ बच्चों के लिए निःशुल्क खेलकूद की व्यवस्था। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के द्वारा कलैक्ट्रेट कार्यालय के जन-प्रतीक्षालय में नव-निर्मित मातृत्व कक्ष का लोकार्पण रिबन काटकर किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि मातृत्व कक्ष बन जाने से कार्यालय में आने वाली आंगतुक महिलाएं एवं कार्यालय में कार्यरत महिला कर्मचारी जिनके छोटे शिशु हों, को निःशुल्क



निजतापूर्वक अपने शिशु को पालन एवं स्तनपान कराने की सुविधा प्राप्त होगी, वहीं मातृत्व कक्ष में उपलब्ध खिलौनों से छोटे बच्चों को भी निःशुल्क खेलकूद की सुविधा प्राप्त होगी। मौके पर बताया गया कि उपरोक्त मातृत्व कक्ष का निर्माण एवं लोकार्पण, कार्यालय जिलाधिकारी, ललितपुर के प्रशासनिक सुधार एवं ढ्रुस्ह 9001 प्रमाणन परियोजना का ही एक अंश है, पिछले कुछ माह से जिलाधिकारी कार्यालय में ढ्रुस्ह प्रमाणन हेतु विभिन्न तरह की तैयारियाँ जिलाधिकारी की अध्यक्षता में चल रही थी, जिनमे प्रमुखतः पूरे कार्यालय भवन का पुनरुद्धार, सौंदर्गीकरण, रंगरोगन, आंगतुकों हेतु स्वागत कक्ष का निर्माण, पेयजल की उचित व्यवस्था, कार्यालयों में अभिलेखों का बेहतर प्रबंधन इत्यादि शामिल हैं।

# एयर मार्शल विभास पांडे ने किया वायु सेना अस्पताल, कानपुर का दौरा

कानपुर। भारतीय वायु सेना अनुरक्षण कमान के एओसी-इन-सी एयर मार्शल विभास पांडे ने 15 जनवरी को वायु सेना अस्पताल, कानपुर का दौरा किया।

उनके साथ एयर फोर्स फैमिलीज वेलफेयर एसोसिएशन (क्षेत्रीय), अनुरक्षण कमान की अध्यक्षा रुचिरा पांडे भी थीं। एयर मार्शल विभास पांडे को अस्पताल द्वारा सेवारत कर्मियों, पूर्व वायु सैनिकों और उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को प्रदान की जा रही चिकित्सा देखभाल व सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न विभागों का दौरा भी किया और मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल की चुनौतियों के प्रबंधन में अस्पताल कर्मियों द्वारा किए जा रहे असाधारण प्रयासों की सराहना की।

इस दौरान एयर मार्शल विभास पांडे ने अस्पताल की चल रही विभिन्न परियोजनाओं का जायजा लिया और अस्पताल द्वारा किए जा रहे भविष्य के विकास कार्यों के बारे में उन्हें जानकारी दी गई। उन्होंने सभी अस्पताल कर्मियों को संबोधित किया और अपनी निर्धारित भूमिका को पूरा करने में डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मचारियों पर पूरा भरोसा जताया।

रुचिरा पांडे ने अफवा (स्थानीय) उद्यमों के साथ-साथ वायु योद्धाओं के फैमिली वार्ड परिसर का दौरा किया और उनसे बातचीत की।

# फर्जी लोन कराने वाले 4 अरेस्ट

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले की पुलिस ने फर्जी लोन कराने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में जिले की पुलिस और स्वाट की संयुक्त टीम ने चारों आरोपियों की गिरफ्तारी की। इस मामले में पांच बैंक के साथ ही सात बैकों की ब्रांच के अधिकारी शामिल हैं। इन आरोपियों के कब्जे से 12 लाख रुपए से अधिक की ज्वैलरी भी बरामद किया है। यह पूरा प्रकरण 19 लाख से अधिक का है। इस मामले में पीड़ित सोनू मौर्या ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि बैंक में खाता खुलवाकर नकली सोना देकर गोल्ड लोन कराया गया।

# कस्बा सरधना से कारतूसों का जखीरा बरामद

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश में मेरठ के कस्बा सरधना के एक घर से पुलिस ने भारी संख्या में एक बोरे में भरे नौ एमएम के कारतूस बरामद किये हैं। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है जिससे साइबर सैल और एटीएस की टीमें पूछताछ कर रही हैं। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी यहां दी। पुलिस के अनुसार जिला मुख्यालय से करीब 24 किलोमीटर दूर कस्बा सरधना में नवादा निवासी विकास उर्फ विक्की के घर पर आज छापा मार कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया । उसके कब्जे से एक बोरे में भरे हुए नौ एमएम के 56 कारतूस और असलाह बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक देहात कमलेश बहादुर ने बताया कि पुलिस की पिस्तौल और कारबाइन में इस्तेमाल किये जाने वाले प्रतिबंधित यह कारतूस किस तरह आरोपी विकास तक पहुंचे इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में किसी आतंकवादी गतिविधि की आशंका को देखते हुए आइबी और एटीएस टीमें भी पकड़े गये आरोपी से गहन पूछताछ में लगी हुई हैं।

## चीन में इन्फ्लूएंजा के मरीजों में हो रहा इजाफा, तबाही के आसार

बीजिंग। चीन में एक बार फिर कोरोना जैसी महामारी के आसार बन रहे हैं। यहां लगातार इन्फ्लूएंजा के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। चीन के स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक देश में कोरोना संक्रमण और भी बढ़ सकता है, इसके केस में बढ़ोतरी होने की संभावना है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग के प्रवक्ता एमआई फेंग ने जानकारी देते हुए बताया कि अस्पतालों और क्लीनिकों में बुखार के रोगियों की संख्या में उतार चढ़ाव देखा गया है। इनमें से ज्यातार लोगों में सांस लेने संबंधी बीमारी देखी गई है। इन्फ्लूएंजा की वजह से लोग बीमार हो रहे है।राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग के प्रवक्ता एमआई फेंग का कहना है कि सर्दियों की छुट्टियां और वसंत महोत्सव के चलते लोगों को ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। क्यों की छुट्टियों के चलते आवाजाही बढ़ेगी, लोग एक जगह इकट्ठा होंगे जिससे संक्रमण तेजी से फैल सकता है। बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, बच्चों में संक्रमण के तेजी से फैलने का डर है। ऐसे में इनके लिए टीकाकरण की व्यवस्था की जानी चाहिए। विशेषज्ञों का मानना है कि चीन में सर्दी के मौसम में इन्फ्लूएंजा वायरस के मरीज बढ़ेंगे, जिससे जनवरी में कोरोना महामारी फिर से बढ़ सकती है, जिसमें छ्ह।1 वैरिएंट के बढ़ने की ज्यादा संभावना है। चीन के दक्षिणी प्रांतों में अक्टूबर के महीने में इन्फ्लूएंजा की वजह से लोग बीमार पड़े। इसके बाद यहां इन्फ्लूएंजा बी वायरस फैलने लगा। ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक कुछ प्रांतों में इन्फ्लूएंजा बी वायरस का अनुपात इन्फ्लूएंजा ए से काफी ज्यादा है। विशेषज्ञों की मानें तो इन्फ्लूएंजा ए से संक्रमित होने के बाद इन्फ्लूएंजा बी से लड़ने के लिए लोगों में प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। ऐसे में लोगों को जल्द से जल्द इन्फ्लूएंजा का टीका लगाना जरूरी है। संक्रामक रोग विभाग के निदेशक वांग गुइकियांग का कहना है कि सर्दी के मौसम में ज्यादातर लोगों को सांस लेने में दिक्कत होती है, जिससे बार बार संक्रमण होने का खतरा बना रहता है। ऐसे में इसके तुरंत उपचार की जरूरत है।

## सड़क हादसे के दौरान सोमाली क्षेत्र में 11 लोगों की हुई मौत

अदीस अबाबा। पूर्वी इथियोपिया के सोमाली क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में 11 लोगों की मौत के समाचार मिले हैं। भीषण सड़क दुर्घटना में 12 लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। स्थानीय अधिकारियों ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि यह दुर्घटना रविवार को सोमाली क्षेत्र के फफान क्षेत्र में उस समय हुई जब एक मालवाहक ट्रक एक मिनी बस से टकरा गया। इस टक्कर में 11 लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि 12 घायलों का फिलहाल नजदीकी स्वास्थ्य संस्थानों में इलाज चल रहा है। फिलहाल पुलिस हादसे के संभावित कारणों की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि पूर्वी अफीकी देश में प्रति व्यक्ति कार स्वामित्व दर दुनिया में सबसे कम है, लेकिन घातक यातायात दुर्घटनाएँ अपेक्षाकृत आम दिन में होती ही रहती हैं। जबकि खराब सड़कों, लापरवाही से गाड़ी चलाने, सुरक्षा नियमों को लागू करने में ढिलाई और ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की दोषपूर्ण प्रणाली को इसका कारण बता दिया जाता है।

## व्यापार व विकास को बढ़ावा देने डब्ल्यूटीओ में शामिल होगा इराक

बगदाद। इराक के राष्ट्रपति अब्दुल लतीफ राशिद ने कहा कि व्यापार व विकास को बढ़ावा देने के लिए इराक डब्ल्यूटीओ में शामिल होगा। राशिद ने सोमवार को कहा कि उनका लक्ष्य देश की व्यापार प्रणाली को बढ़ावा देने और सतत विकास हासिल करने के लिए विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में शामिल होना है। राष्ट्रपति कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार राशिद ने डब्ल्यूटीओ में सऊदी प्रतिनिधि सकर अल-मुकबेल के साथ एक बैठक के दौरान यह बात कही। दरअसल मुकबेल संगठन में इराक के विलय को संभालने के लिए एक टीम का नेतृत्व करते हैं। राष्ट्रपति राशिद ने कहा कि इराक डब्ल्यूटीओ में शामिल होने के लिए आवश्यक व्यापार और आर्थिक मानकों को पूरा करने के लिए उत्सुक है और सऊदी टीम को उसके प्रयासों के लिए धन्यवाद भी दिया। इराक के व्यापार मंत्री अतीर अल-घुरैरी ने अल-मुकबेल के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इराक का लक्ष्य सुधारों के माध्यम से वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक प्रभावशाली खिलाड़ी बनना है। वहीं अल-मुकबेल ने कहा कि सऊदी अरब डब्ल्यूटीओ की बोली में राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इराक का भरपूर समर्थन करेगा।

## आईआरजीसी के मिसाइल हमले में चार की मौत, छह हुए घायल

बगदाद। इराक के अर्ध-स्वायत्त क्षेत्र कुर्दिस्तान की राजधानी अरबील शहर पर ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) द्वारा किए गए मिसाइल हमले में चार लोगों की मौत हो गई। वहीं छह लोग घायल हो गए है। क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया ?कि सोमवार को रात 11:30 बजे आईआरजीसी ने अरबील में कई आबादी वाले नागरिक क्षेत्रों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। शुरुआती रिपोर्टों से पता चला है कि हमले में चार नागरिकों की मौत हो गई और छह घायल हो गए। बयान में कहा गया कि एक स्थिर क्षेत्र के रूप में अरबील कभी भी किसी भी पक्ष के लिए खतरे का स्रोत नहीं रहा है। मिसाइल हमले को कुर्द क्षेत्र और इराक की संप्रभुता का स्पष्ट उल्लंघन बताया गया है। संघीय सरकार और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से ऐसे हमलों के बारे में चुप नहीं रहने का भी आह्वान किया गया है। लोग बता रहे हैं कि अरबील के उत्तरी हिस्से में निर्माणाधीन अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के पास आधी रात के आसपास छह विस्फोटों की आवाज सुनी गई थी। इसके बाद आईआरजीसी ने एक बयान में कहा कि उसने क्षेत्र में जासूसी मुख्यालय पर मिसाइल हमले किए हैं। जो कि मिसाइलों द्वारा अपने लक्ष्यों पर किए गए हैं।

## ब्रिटेन के पंथ संगठनों ने सिख संस्थाओं को बादल परिवार से मुक्त कराने की मांग की

लंदन। गुरु नानक गुरुद्वारा समैदिक की प्रबंधन समिति और फेडरेशन ऑफ सिख ऑर्गेनाइजेशन यूके ने मांग की है कि सभी सिख संगठनों को बादल परिवार से मुक्त किया जाना चाहिए। इस आशय का प्रस्ताव पारित कर कहा है कि श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार शहीद भाई गुरदेव सिंह काउंके के हत्यारों को कड़ी सजा दी जाए। इसके अलावा प्रकाश सिंह बादल और कुछ पुलिस अफसरों पर आरोपियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया गया है। साथ ही तख्त साहिब के जत्थेदार भाई रघबीर सिंह से अपील की गई कि वे बादल से फखरे कौम की उपाधि वापस लें और शहीद गुरदेव सिंह काउंके के परिवार को फखरे कौम की उपाधि दें। पंथक नेताओं ने शिरोमणि अकाली दल के उपेक्षित कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अकाली दल और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सहित पूरे सिख संस्थान को बादल परिवार से मुक्त कराकर सच्चे अर्थों में अकाली बनें। पंथक इकट्ठ दौरान अमरीक सिंह गिल सिख फैडरेशन यूके।, कुलवंत सिंह, जस सिंह, लवशिन्दर सिंह डल्लेवाल यूनाईटिड खालसा दल यूके, जोगा सिंह बब्बर अकाली आर्गेनाइजेशन यूके, कुलदीप सिंह चहेड़ू सिख फैडरेशन यूके, जसपाल सिंह बैंस अकाली दल अमृतसर यूके, दविन्दरजीत सिंह, बलविन्दर सिंह, मनप्रीत सिंह, चरन सिंह, कुलदीप सिंह प्रधान गुरू नानक गुरदवारा प्रबंधक कमेटी समैदिक ने सिक्ख संगतां नूं सम्बोधन किया। पंथक सम्मेलन में भाई रघबीर सिंह बीरा, भाई जसपाल सिंह, भाई बलविंदर सिंह, भाई हरदीश सिंह और विभिन्न गुरुद्वारों के प्रबंधकों ने भाग लिया।

## जंग जीतने के बाद फिलिस्तीनी नागरिकों को सौंप देंगे गाजा

तेल अवीवी। इजराइल और हमास के बीच चल रही जंग अभी रुकी नहीं है और फिलहाल इसके रुकने के आसार भी नहीं दिख रहे हैं। इसी जंग के बीच दूसरे देशों की नजर है कि जंग के बाद गाजा पर किसका शासन होगा। इस सवाल का जवाब इजराइल के रक्षा मंत्री ने दे दिया है। उन्होंने साफ कर दिया है कि गाजा पर फिलिस्तीनी नागरिकों का शासन होगा। इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा कि इजराइल के साथ युद्ध समाप्त होने के बाद फिलिस्तीनी गाजा पट्टी पर शासन करेंगे। गैलेंट ने कहा कि फिलिस्तीनी गाजा में रहते हैं और इसलिए भविष्य में वही इस पर शासन करेंगे। भविष्य की गाजा सरकार को गाजा पट्टी से बाहर निकलना होगा। हमास से युद्ध के अंत में गाजा पर कोई सैन्य खतरा नहीं होगा। हमास गाजा पट्टी पर शासन करने और सैन्य बल के रूप में कार्य करने में सक्षम नहीं होगा। उन्होंने कहा कि भावी सरकार एक नागरिक विकल्प होगी, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि इजराइली बलों को नागरिकों की रक्षा के उद्देश्य से ऑपरेशन की स्वतंत्रता होगी।




लास एंजिल्स में एमी अवार्ड के लिए पहुंची ड्रैग कलाकार।

## अगले 229 वर्षों तक दुनिया से नहीं मिटेगी गरीबी, सरकारें कर ले कितना भी प्रयास

लंदन। अमीरी और गरीबी, दुनिया में सदियों से चली आ रही है। दुनियाभर में सरकारों के तमाम प्रयासों के बाद भी गरीबी मिट नहीं रही है। पिछले 3 साल में गरीब और बढ़े हैं, जबकि अमीरों की दौलत दोगुना हो गई है। एक रिपोर्ट में इसका खुलासा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के 5 सबसे अमीर शख्स, जिसमें एलन मस्क, बर्नार्ड अरनॉल्ट, जेफ बेजोस, लैरी एलिसन और मार्क जुकरबर्ग ने 2020 के बाद से इनकी संपत्ति दोगुनी होकर 869 बिलियन डॉलर हो गई है। हालांकि, इसी अवधि के भीतर दुनिया में 5 अरब लोग और गरीब हो गए हैं। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि अगर अमीर और गरीबों के बीच यह आर्थिक असमानता और मौजूदा रुझान जारी रहा, तब अगले 229 वर्षों तक दुनिया से गरीबी खत्म नहीं होगी। रिपोर्ट में साफ किया गया हैं कि आगे भी अमीर और गरीब के बीच अंतर बढ़ने की संभावना है। साथ ही अगले 10 वर्षों दुनिया को पहला खरबपति उद्योगपति मिल जाएगा। 52 देशों में, लगभग 80 करोड़ श्रमिकों की औसत वास्तविक मजदूरी में गिरावट आई है। इन श्रमिकों को पिछले 2 वर्षों में संयुक्त रूप से 1.5 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया कि, पिछले 3 सालों में कोरोना महामारी, रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते महंगाई ने अरबों लोगों को गरीब बनाया है। वहीं, दूसरी ओर दुनिया के कुछ गिने-चुने अरबपतियों की दौलत जबरदस्त तरीके से बढ़ी।

# मोदी के पास है भारतीय अर्थव्यव्था को बदलने का मौकाः फरीद जकारिया

### -वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की चर्चा में पीएम मोदी को हिन्दू गौरव भुनाने में सक्षम बताया

**दावोस (एजेंसी)।** भारत के पीएम नरेन्द्र मोदी के पास भारतीय अर्थव्यवस्था को बदलने का मौका है, वह हिन्दू गौरव भुनाने में सक्षम नेता हैं। यह बात वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की चर्चा में जाने-माने पत्रकार और राजनीतिक विशेषज्ञ फरीद जकारिया ने कही। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के पास एक बहुत शक्तिशाली विरासत छोड़ने और जवाहरलाल नेहरू के बाद सबसे महत्वपूर्ण भारतीय प्रधानमंत्री बनने का मौका है। दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के मौके पर मीडिया से बात करते हुए फरीद जकारिया ने कहा कि पीएम मोदी के पास भारत की अर्थव्यवस्था को बदलने का मौका है जो अभी भी बहुत संरक्षणवादी (प्रोटेक्शनिस्ट) है। मैं येल बोर्ड में था। तब हमने देखा कि भारत में बहुत सारे पिछड़े औपनिवेशिक, उत्तर-औपनिवेशिक नियम हैं जो विदेशी यूनिवर्सिटियों पर शक करते हैं। भारत में



टैरिफ अभी भी बहुत हाई हैं और भारत दुनिया में सबसे बड़ी प्रोटेक्शनिस्ट अर्थव्यवस्था है।

पत्रकार फरीद जकारिया ने कहा कि पीएम मोदी के पास नेहरू के बाद सबसे महत्वपूर्ण भारतीय पीएम के रूप में इतिहास में अपना नाम दर्ज कराने का मौका है। मुझे लगता है कि उनके लिए नेहरू से आगे निकलना कठिन होगा क्योंकि नेहरू भारत के पहले पीएम थे। और यह उन्हें उस व्यक्ति के रूप में एक अद्वितीय दर्जा देता है जिसने आधुनिक भारत और विशेष रूप से आधुनिक भारतीय लोकतंत्र की स्थापना की। लेकिन फिर भी मोदी के पास एक बहुत शक्तिशाली विरासत छोड़ने का मौका है। जकारिया ने कहा कि मुझे लगता है कि वह शायद दुनिया भर के इन सभी चुनावों में सबसे मजबूत स्थिति में हैं, क्यों? भारत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। इसमें कुछ मोदी और उनकी नीतियां हैं और आपको इसका श्रेय उन्हें देना होगा। इसमें से 20 साल के सुधार भी शामिल हैं, जो भारत को एक निश्चित गति देने में सक्षम हैं।

पीएम मोदी ने भारतीयों के एक बड़े वर्ग हिंदू गौरव की नब्ज को समझ लिया है। वे एक सामान्य हिन्दू के मन में पैदा होने वाले गौरव को समझते हैं पीएम भारत के एलीट वर्ग के बाहर से आते हैं। वह पहले नॉन इलीटिस्ट प्रधानमंत्री हैं। आप नेहरू, गांधी परिवार, नरसिम्हा राव यहां तक की मनमोहन सिंह के बारे में सोचें तो वे सभी शिक्षा के आधार पर एक खास प्रकार की एलिट पृष्ठभूमि से आते थे, लेकिन नरेंद्र मोदी एक सामान्य हिंदू की नब्ज को समझते हैं। वे चाहते हैं कि वो इसका इस्तेमाल पॉजिटिव रूप में करें न कि लोगों को अलग-थलग करने में करें, वह इसका उपयोग सभी को ऊपर लाने के लिए भी कर सकते हैं।

## किम जोंग उन ने दी दक्षिण कोरिया को नक्शे से मिटा देने की धमकी



**सियोल (एजेंसी)।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने दक्षिण कोरिया को नक्शे से मिटा देने की धमकी दे डाली है। उनकी यह हरकत काफी चर्चा में हैं। इतना ही नहीं उन्होंने सोमवार को एक अलग देश के रूप में दक्षिण कोरिया की स्थिति को बदलने के लिए एक संवैधानिक संशोधन का आह्वान किया। हालांकि उन्होंने कहा कि उनका देश युद्ध नहीं चाहता है, लेकिन उसका इरादा इसे टालने का भी नहीं है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उत्तर कोरिया की रबर-स्टैंप संसद, सुप्रीम पीपुल्स असेंबली में एक भाषण में किम ने कहा कि यह उनका अंतिम फैसला है कि दक्षिण के साथ एकीकरण अब संभव नहीं है। जबकि उन्होंने दक्षिण कोरिया पर शासन के पतन और अवशोषण द्वारा एकीकरण की मांग करने का आरोप लगाया। किम ने आगे कहा कि हम युद्ध नहीं चाहते लेकिन इसे टालने का हमारा कोई इरादा नहीं है। मीडिया रिपोर्ट में कहा कि एकीकरण और अंतर-कोरियाई पर्यटन से जुड़े तीन संगठन बंद हो जाएंगे।

हालांकि यह कदम तब उठाया गया है जब कोरियाई प्रायद्वीप में हाल ही में मिसाइल परीक्षणों की एक श्रृंखला और प्योंगयांग द्वारा दशकों से चली आ रही नीति को तोड़ने और दक्षिण से अपने संबंध को बदलने के दबाव के कारण तनाव बढ़ गया है। जानकारों का मानना है कि उत्तर कोरिया का विदेश मंत्रालय दक्षिण कोरिया के साथ संबंधों को अपने हाथ में ले सकता है। वहीं विश्लेषकों ने कहा है कि उत्तर कोरिया का विदेश मंत्रालय सियोल के साथ संबंधों को अपने हाथ में ले सकता है, और संभावित रूप से भविष्य के युद्ध में दक्षिण कोरिया के खिलाफ परमाणु हथियारों के इस्तेमाल को उचित ठहराने में मदद कर सकता है।

## जर्मनी में किसानों के प्रदर्शन से राजधानी बर्लिन का आवागमन बंद

बर्लिन। जर्मन की सरकार द्वारा किसानों की कृषि सब्सिडी में कटौती कर दी गई है। डीजल पर मिलने वाली छूट को समाप्त कर दिया है। कृषि पर टैक्स लगा दिया गया है इसको लेकर जर्मनी के किसानों ने राजधानी बर्लिन को पूरी तरह से बंधक बना लिया है। पिछले कई दिनों से हजारों किसान ट्रैक्टर लेकर बर्लिन की राजधानी पहुंच रहे हैं। दिसंबर माह से यह आंदोलन पूरी जर्मनी में चल रहा है। पहले यह आंदोलन जगह-जगह हो रहा था। सरकार द्वारा सब्सिडी के संबंध में कोई निर्णय नहीं लिए जाने के बाद अब किसान राजधानी की ओर कूच कर रहे हैं। किसानों ने राजधानी को चारों ओर से घेरने की घोषणा की है। किसानों के इस आंदोलन से पूरी जर्मनी में अफरा तफरी का माहौल बन गया है।

## दुनियाभर से हमास ने इकट्ठे किए हथियार, कई बड़े देश बने सहयोगी

**गाजा (एजेंसी)।** इजरायल पर अचानक हमला वाले हमास ने दुनियाभर से हथियार इकट्ठे किए और उन्हें हमले में इस्तेमाल किया। इन ह?थियरों की सप्लाई में कई बड़े देशों का नाम आ रहा है, लेकिन कोई भी खुलकर सामने नहीं आ रहा है। जानकारी के अनुसार हमास के पास घातक हथियारों के जखीरे का पता चला है। इनमें ईरानी स्नाइपर राइफलें, चीन और रूस में बने एके-47 असॉल्ट राइफलें और उत्तर कोरियाई-बल्गेरियाई रॉकेट लैस ग्रेनेड प्रमुख हैं। इनके साथ एंटी-टैंक रॉकेट भी गाजा में गुप्त रूप से एक साथ जमा किए गए थे। हमास ने इजरायल पर पिछले साल 7 अक्टूबर को धावा बोला था। यह लड़ाई अभी तक चल रही है। करीब तीन महीनों की लड़ाई में लिए गए 150 से अधिक वीडियो और तस्वीरों का परीक्षण भी किया गया है। इससे पता चलता है कि आतंकवादी समूह ने दुनिया भर से हथियारों का जखीरा इकट्ठा किया। बताया जा रहा है कि इनमें से ज्यादातर हथियार पिछले कुछ वर्षों में तस्करी करके लाए गए हैं जो गाजा में हफ्तों चले भीषण युद्ध के दौरान घातक साबित हुए। जहां हमास के लड़ाके आम तौर पर केवल उन्हीं चीजों से लैस होते हैं जो वे ले जा सकते हैं।

गौरतलब है कि हथियारों और टेक्नोलॉजी में आगे इजरायली सैनिक के खिलाफ वे हिट-एंड-रन रणनीति अपनाते रहे हैं। पिछले कुछ हफ्तों में हमास की ओर से कुछ वीडियो पोस्ट किए गए हैं। इनमें स्नाइपर राइफलों के जरिए रिकॉर्ड किए गए दृश्य नजर आ रहे हैं, जहां इजरायली सैनिकों की गोलीबारी दिखाई देती है। हमास के प्रवक्ता गाजी हमद ने हाल ही कहा था कि हम हर जगह से हथियारों की ताक में हैं। हम राजनीतिक समर्थन की तलाश कर रहे हैं और पैसे की भी जरूरत है। हालांकि, इस दौरान उन्होंने यह बताने से इनकार कर दिया कि उन्हें हथियार कौन मुहैया करा रहा है और उन्हें गाजा तक कैसे ले जाया जा रहा है।

## आयोवा कॉकस जीतने के बाद डोनाल्ड ट्रंप का पहला रिएक्शन, दुनिया के लिए एक साथ आएं रिपब्लिकन हो या डेमोक्रेट या लिबरल

**आयोवा (एजेंसी)।** आयोवा कॉकस जीतने के बाद डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने समर्थकों से कहा कि यह अच्छा होगा यदि हर कोई एक साथ आ सके और दुनिया को ठीक कर सके और जो समस्याएं और मौत और विनाश देख रहा है उसे ठीक कर सके। आयोवा कॉकस में अपनी जीत के तुरंत बाद अपने भाषण में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने सभी राजनीतिक विचारधाराओं के अमेरिकियों के एक साथ आने का आह्वान किया और मौजूदा जो बाइडेन के खिलाफ अपना हमला जारी रखते हुए उन्हें अब तक का सबसे खराब राष्ट्रपति कहा। मुझे सच में लगता है कि अब समय आ गया है कि हमारे देश के सभी लोग एक साथ आएं, चाहे वह रिपब्लिकन हो या डेमोक्रेट या लिबरल या कंजर्वेटिव हो।

रिपब्लिकन पार्टी के प्रबल दावेदार के रूप में उभरे ट्रंप सोमवार शाम को आयोवा राज्य की राजधानी डेस मोइनेस में अपने अभियान की वॉच पार्टी में अपने समर्थकों को संबोधित कर रहे थे। लगातार तीसरी बार रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद का नामांकन जीतने की दिशा में यह उनका पहला आधिकारिक कदम है। ट्रंप ने कहा कि यह बहुत अच्छा होगा यदि हम एक साथ आ सकें और दुनिया को सीधा कर सकें, और समस्याओं को सुलझा सकें,




और उस सभी मौत और विनाश को सीधा कर सकें जो हम देख रहे हैं, जो व्यावहारिक रूप से कभी भी ऐसा नहीं था। यह बहुत महत्वपूर्ण है।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति पद के आगामी चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार चुनने की लंबी प्रक्रिया की शुरुआत करने वाले आयोवा कॉकस में जीत हासिल कर ली। आयोवा कॉकस में दूसरे स्थान के लिए फ्लोरिडा के गवर्नर आर डीसैंटिस और पार्टी का उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल इकलौती महिला एवं संयुक्त राष्ट्र की पूर्व राजदूत निक्की हेली के बीच मुकाबला है। डीसैंटिस और हेली पूर्व राष्ट्रपति के शीर्ष विकल्प के तौर पर एक दूसरे को टक्कर दे रहे हैं।

# इरान में विदेश मंत्री जयशंकर ने भारतीय जहाजों पर हुए हमलों को बताया चिंताजनक

**तहरान (एजेंसी)।** भारतीय जहाजों पर हुए हमलों को लेकर भारत ने इरान के सामने ने केवल चिंता व्यक्त की बल्कि साफकह भी दिया है कि इस तरह की घटनाएं पूरी दुनिया के लिए चिंताजनक हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने ईरान दौरे पर भारत के आसपास पोतों पर हमलों को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए गंभीर चिंता का विषय बताते हुए कहा कि ऐसे खतरों का भारत की ऊर्जा जरूरतों और आर्थिक हितों पर सीधा असर पड़ता है। जयशंकर ने ईरान के अपने समकक्ष हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियान के साथ बातचीत के बाद एक संयुक्त प्रेस बयान जारी किया। इसमें विदेश मंत्री ने कहा कि हाल में हिंद महासागर के इस महत्वपूर्ण हिस्से में समुद्री वाणिज्यिक यातायात की सुरक्षा के लिए खतरे काफी बढ़ रहे है। उन्होंने इजराइल-हमास संघर्ष के बीच ईरान समर्थित यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा सबसे व्यस्त व्यापार मार्गों में शामिल लाल सागर में वाणिज्यिक पोतों को निशाना बनाने पर इस बात पर जोर दिया कि यह महत्वपूर्ण है कि इस मुद्दे से तत्काल निपटा जाए।

दरअसल विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ईरान के समकक्ष होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन से मुलाकात की और उनकी चर्चा रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण चाबहार बंदरगाह और उत्तर-दक्षिण कनेक्टिविटी परियोजना में भारत की भागीदारी पर केंद्रित थी। जयशंकर दोनों पक्षों के बीच जारी उच्च स्तरीय संवाद के तहत ईरान के दौरे पर हैं। उन्होंने ईरान के राष्ट्रपति डॉ इब्राहिम रईसी से भी मुलाकात की और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शुभकामनाएं दीं। जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि, आज तेहरान में ईरानी विदेश मंत्री अमीर-अब्दुल्लाहियन के साथ चर्चा हुई। हमारी बातचीत चाबहार बंदरगाह और आईएनएसटीसी कनेक्टिविटी परियोजना के साथ भारत की भागीदारी के लिए दीर्घकालिक ढांचे पर केंद्रित थी। उन्होंने क्षेत्र में समुद्री हमलों पर भी बात की और जोर देकर कहा कि इस मुद्दे का तेजी से समाधान किया जाए। अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में हूती ठिकानों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए हैं।

इससे पहले जयशंकर ने अपने ईरान में सड़क और शहरी विकास मंत्री मेहरदाद बज्रपाश से मुलाकात करके अपने कार्यक्रम की शुरुआत की थी। मुलाकात के दौरान दोनों पक्षों ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण चाबहार बंदरगाह पर दीर्घकालिक सहयोग ढांचा स्थापित करने पर विस्तृत और सार्थक चर्चा की थी। जयशंकर ने बज्रपाश के साथ अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे (आईएनएसटीसी) पर भी बातचीत की। भारत क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए चाबहार बंदरगाह परियोजना पर जोर दे रहा है, खासकर अफगानिस्तान से इसके संपर्क के लिए। ताशकंद में 2021 में एक संपर्क (कनेक्टिविटी) सम्मेलन में जयशंकर ने चाबहार बंदरगाह को अफगानिस्तान सहित एक



प्रमुख क्षेत्रीय पारगमन केंद्र के रूप में पेश किया था। चाबहार बंदरगाह को आईएनएसटीसी परियोजना के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में भी देखा जाता है।

वहीं भारत लाल सागर में उभरती स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है। जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के बीच फोन पर हुई बातचीत में यह मुद्दा उठा था। जयशंकर ने ईरानी विदेश मंत्री के साथ बैठक के बाद कहा कि एजेंडे में अन्य मुद्दे गाजा, अफगानिस्तान, यूक्रेन और ब्रिक्स सहयोग थे। बाद में, उन्होंने ईरानी राष्ट्रपति रईसी से मुलाकात की और उन्हें ईरानी मंत्रियों के साथ अपनी सार्थक चर्चा से अवगत कराया। जयशंकर ने कहा कि इस्लामिक गणराज्य ईरान के राष्ट्रपति डॉ इब्राहिम रईसी से मुलाकात कर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। ईरान की समाचार एजेंसी ने कहा कि उन्होंने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम पर भी चर्चा की।

# अफगानिस्तान के खिलाफ क्लीन स्वीप के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को यहां अफगानिस्तान को तीसरे और अंतिम टी20 मैच में भी हराकर 3-0 से सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम ने पहले ही दो मैच आसानी से जीते हैं, ऐसे में वह इस तीसरे मैच में भी जीत की प्रबल दावेदार नजर आती है। आगामी टी20 विश्व कप को देखते हुए ये भारतीय टीम का अंतिम मैच है। ऐसे में सभी खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेंगे। इस मैच में उन खिलाड़ियों को भी अवसर मिल सकता है जो अभी तक बेंच पर रहे हैं। भारतीय टीम पहले दोनो ही मैचों की तरह ही इस मैच में भी अपनी आक्रामक रणनीति से ही उतरेगी।

अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने इंदौर में 16 गेंद में 29 रन बनाए और ऐसे में वह इस मैच में बड़ा स्कोर बनाना चाहेंगे। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में स्पिनरों का भी आसानी से मुकाबला करते हुए तेजी से रन बनाये। वह आम तौर पर स्पिनरों के खिलाफ धीमा खेलते हैं पर इस मैच में वह अलग ही अंदाज में नजर आये। इसके अलावा शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल भी इस मैच में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे।

भारत की नजरें इस मैच में भी अपने युवा खिलाड़ियों पर रहेंगी। पहले दो मैचों में विफल रहे कप्तान रोहित शर्मा इस मैच में बड़ी पारी खेलकर लय हासिल करना चाहेंगे। वह पहले मैच में रन आउट हो गए जबकि दूसरे मैच में शुरुआत में ही आउट हो गये थे। रोहित के फॉर्म से टीम प्रबंधन चिंतित नहीं होगा पर अंतिम मैच में सभी उनसे बड़ी पारी की उम्मीद करेंगे। इस मैच में स्पिनर कुलदीप यादव और तेज गेंदबाज आवेश खान को अवसर मिल सकता है।

कुलदीप के आने पर रवि बिश्नोई या वॉशिंगटन सुंदर में से किसी एक को बाहर बैठना पड़ेगा जबकि आवेश को मुकेश कुमार की जगह अवसर मिल सकता है। इसके अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा ने




पिछले कुछ समय से लगातार खेला है। ऐसे में उनकी जगह पर विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को शामिल किया जा सकता है। दूसरी ओर अफगानिस्तान की टीम इस मैच में अपनी पूरी ताकत लगा देगी। उसका लक्ष्य अपनी गेंदबाजी और बल्लेबाजी को बेहतर करना रहेगा। टीम को सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज के अलावा इब्राहिम जदरान और हजरतुल्लाह जजई से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें रहेंगी। अफगानिस्तान टीम अब तक के दोनो ही मैचों में भारतीय गेंदबाजी और बल्लेबाजी के सामने कहीं नहीं टिकी। उसे इस सीरीज में अपने स्टार स्पिनर राशिद खान की कमी भी खली है। इसके बाद भी टीम को इस सीरीज से सीखने को काफी कुछ मिला है।

### टीम

**भारत** =रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान, मुकेश कुमार।

**अफगानिस्तान** = इब्राहिम जदरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), हजरतुल्लाह जजई, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, करीम जनत, अजमतुल्लाह उमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, मुजीब उर रहमान, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद , नवीन उल हक, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम, कैस अहमद, गुलबदीन नायब, राशिद खान।

# एग्नेस नगेटिच ने 10 किमी दौड़ में विश्व रिकॉर्ड तोड़ा, 29 मिनट से भी कम समय में पूरी की रेस




**बार्सिलोना (एजेंसी)।** केन्या की एग्नेस नगेटिच ने स्पेन में वालेंसिया इबरकाजा रोड रेस जीतकर 29 मिनट से कम समय में 10 किमी दौड़ने वाली पहली महिला बन गईं हैं। 22 वर्षीय खिलाड़ी ने 28 मिनट 46 सेकंड में रेस पूरी की और इथियोपिया के यालेमज़र्फ येहुआलाव के 2022 रोड वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ दिया। हमवतन इमैक्युलेट आन्यांगो ने भी 29 मिनट से कम समय में दौड़ लगाई और 28=57 में दूसरे स्थान पर रहे।

नगेटिच ने महिलाओं की एकमात्र दौड़ में बीट्राइस चेबेट के 5 किमी के 14=13 के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी भी की जिसे उन्होंने दो सप्ताह पहले बनाया था। नगेटिच के 10 किमी के समय ने महिलाओं के 10,000 मीटर ट्रैक के 29=01.03 के विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा जो इथियोपिया की लेटेसेनबेट गिडी के पास था। नगेटिच ने सितंबर में महिलाओं की एकमात्र दौड़ में 29=24 के समय के साथ 10 किमी का विश्व रिकॉर्ड बनाया था।

नगेटिच ने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं। ईमानदारी से कहूं तो, मेरा स्पष्ट लक्ष्य विश्व रिकॉर्ड तोड़ना था लेकिन 28=46 किसी भी उम्मीद से परे है। जब मैंने आधे रास्ते में 14=13 देखा तो मैं डरी नहीं, इसने मुझे अंत तक प्रयास जारी रखने के लिए बहुत प्रेरित किया।'

अब वह मार्च में विश्व एथलेटिक्स क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप बेलग्रेड 24 और फिर पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों पर ध्यान केंद्रित करेंगी, जहां अगस्त में एथलेटिक्स नंबर 1 खेल होगा। उन्होंने कहा, 'मैं बेलग्रेड के लिए केन्याई ट्रायल करूंगी, जहां मैं पिछले साल के अपने कांस्य पदक में सुधार करना चाहूंगी।'

# पार्थिव पटेल का जितेश शर्मा को लेकर बड़ा दावा, कहा- 'उनका टी20 वर्ल्ड कप में खेलना लगभग तय'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल का मानना है कि युवा क्रिकेटर जितेश शर्मा का टी20 वर्ल्ड कप 2024 टीम में जगह बनाना लगभग तय है। इसका कारण जितेश का तेज अंदाज में बल्लेबाजी करना नहीं, बल्कि संयोजन है।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर के अनुसार, जितेश शर्मा वही भूमिका रहे हैं जो 2022 वर्ल्ड कप में दिनेश कार्तिक ने निभाई थी। वह निचले क्रम में बल्लेबाजी कर रहे हैं जितेश ने अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी20 में 20 गेंदों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 31 रन बनाए थे जबकि दूसरे मैच में वह बिना खाता खोले ही आउट हो गए।

पार्थिव पटेल ने जियो सिनेमा से कहा कि, भारत का विकल्प शायद एक ऐसा विकेटकीपर रखना है जो निचले क्रम में बल्लेबाजी कर सके। अगर आपको निचले क्रम पर बल्लेबाजी करनी है तो आपको एक विनाशकारी बल्लेबाज की जरूरत है। जितेश शर्मा जिस तरह से खेल रहे हैं वह एक बेहद अच्छा विकल्प हैं और मुझे लगता है कि टी20 वर्ल्ड कप के लिए उनका टिकट थोड़ा छपना शुरू हो गया है।

टी20 में रोहित शर्मा और विराट कोहली की वापसी के साथ, भारतीय टीम प्रबंधन के लिए चयन सिरदर्द बना हुआ है। सीधे शब्दों में कहें तो कोहली-रोहित ने सुनिश्चित किया है कि शीर्ष क्रम में किसी और को मौका न मिले। इसलिए, ईशान किशन और संजू सैमसन का भी प्लेइंग इलेवन में जगह बनाना संदिग्ध है क्योंकि दोनों टॉप 5 में बल्लेबाजी करते हैं।

इससे फिनिशर के लिए फिनिशर के लिए विकल्प खुला रह जाता है जो फिनिशर की भूमिका बखूबी निभा सकता है। जितेश शर्मा ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। हालांकि, उन्होंने लगातार 20 और 30 रन नहीं बनाए हैं, लेकिन उन्होंने 20 गेंदों में 31, 19 गेंदों में 35 और 16 गेंदों में 24 रन जैसी पारियां खेली हैं।

# दीप्ति शर्मा को आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ खिताब से नवाजा गया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को दिसंबर 2023 के लिए आईसीसी महिला खिलाड़ी ऑफ द मंथ चुना गया है। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो टेस्ट मैचों में उनके शानदार प्रदर्शन और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे मैच में शानदार प्रदर्शन ने उन्हें ये खिताब दिलाया। इंग्लैंड पर टेस्ट जीत में, नंबर 7 पर बल्लेबाजी करते हुए दीप्ति ने अहम भूमिका निभाते हुए 67 रन बनाए और गेंद से 7 रन पर 5 विकेट और 32 रन पर 4 विकेट झटके।

पिछले साल दिसंबर के महीने में दीप्ति ने 2 टेस्ट मैच इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले थे। इन 2 मुकाबलों में इस खिलाड़ी ने 55 की शानदार औसत के साथ 165 रन बनाए थे। वहीं 10.81 की शानदार औसत के साथ 11 विकेट भी झटके थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दीप्ति ने दूसरे वनडे में 5 विकेट हॉल भी लिए थे। दीप्ति के अलावा जेमिमा रोड्रिगेज और जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम की प्रेशियस मरांज भी नामांकित हुई थीं।



# चयन समिति में बदलाव के लिए बीसीसीआई ने दिया विज्ञापन

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने चयन समिति में बदलाव के लिए आवेदन मांगे हैं। बीसीसीआई की चयन समिति में अभी पांच सदस्य हैं जिसमें से किसी एक को हटाया जा सकता है। अजित आगरकर अभी चयन समिति के अध्यक्ष हैं जबकि सलिल अंकोला, शिवसुंदर दास, एस. शरथ और सुब्रतो बनर्जी हैं इसके सदस्य हैं। बीसीसीआई ने चयन समिति के सदस्य के लिए विज्ञापन भी जारी किया है। बीसीसीआई ने हालांकि यह जानकारी नहीं दी है कि चयन समिति में से किसे हटाया जा सकता है। बीसीसीआई नियमों के अनुसार चयन समिति में हर क्षेत्र का एक सदस्य होता है पर अभी इस चयन समिति में पश्चिचमी क्षेत्र से दो सदस्य अजित आगरकर और सलिल अंकोला ही हैं जबकि उत्तरी क्षेत्र से कोई सदस्य नहीं हैं। वहीं शिवसुंदर दास, एस. शरथ और सुब्रतो बनर्जी पूर्वी , दक्षिण और मध्य क्षेत्र के सदस्य हैं। अब चयन समिति में से एक सदस्य उत्तरी क्षेत्र से लिया जा सकता है क्योंकि चेतन शर्मा के इस्तीफे के बाद से ही ये खाली है। पश्चिचमी क्षेत्र के अभी दो सदस्य हैं मुख्य चयनकर्ता अजित आगरकर और अंकोला। ऐसे में अंकोला की जगह पर किसी नये सदस्य को लिया जा सकता है।



# विराट और अनुष्का को प्राण प्रतिष्ठा के लिए आमंत्रण मिला

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली को अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए आमंत्रण मिला है। विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा को उनके घर पर ये न्यौता दिया गया। इसकी तस्वीरें भी सामने आई है। जिसमें निमंत्रण पाकर दोनों काफी खुश दिखे। वहीं इससे पहले पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और तीरंदाज दीपिका कुमारी को भी प्राण प्रतिष्ठा के लिए निमंत्रण मिला था। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट प्राण प्रतिष्ठा के लिए सभी क्षेत्रों



की प्रमुख हस्तियों को आमंत्रित कर रहा है।

इससे पहले श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि मैसूर स्थित अरुण योगीराज द्वारा बनाई गई राम लला की एक नई मूर्ति को अयोध्या में राम मंदिर में स्थापना के लिए चुना गया है और 18 जनवरी को इसे श्री रामजन्मभूमि तीर्थ पर गर्भगृह में स्थापित किया जाएगा। राय ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या धाम में अपने नव्य भव्य मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम और पूजन विधि 16 जनवरी से शुरू हो जाएगी, जबकि जिस प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जानी है, उसे 18 जनवरी को गर्भ गृह में अपने आसन पर खड़ा कर दिया जाएगा।

# रोहित टी20 में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने वाले दूसरे बल्लेबाज




नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान कप्तान रोहित शर्मा की टी20 प्रारुप में वापसी अब तक सफल नहीं रही है। रोहित अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज के पहले ही दो मैच में खाता नहीं खोल पाये। इससे उनके फार्म पर सवाल उठने लगे हैं। रोहित पहले मुकाबले में बिना कोई रन बनाए दूसरी गेंद पर ही रन आउट हो गये। वहीं दूसरे मुकाबले में भी पहली गेंद पर वह साफ बोल्ड हो गए। इस प्रकार रोहित के नाम एक ऐसा रिकार्ड जुड़ गया है जो वह नहीं चाहते थे। रोहित अब टी20 प्रारुप में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने वाले बल्लेबाजों में दूसरे नंबर पर पहुंच गये हैं। वहीं आयरलैंड के पॉल स्टारलिन सबसे ज्यादा बार टी20 अंतरराष्ट्रीय में शून्य पर आउट होने वाले बल्लेबाज हैं। स्टारलिन 13 बार उनके इस प्रारुप में खाता नहीं खोल पाये थे जबकि रोहित 12 बार शून्य पर आउट हुए हैं। अब रोहित को तीसरे मुकाबले में रन बनाने होंगे क्योंकि आगामी विश्वपक को देखते हुए उन्हें ही कप्तानी की जिम्मेदारी मिलने की उम्मीद है। भारतीय टीम की तरफ से कप्तान के तौर पर खेलते हुए रोहित टी20 में सबसे ज्यादा छह बार शून्य पर आउट हुए हैं जबकि दूसरे नंबर पर रहे लोकेश राहुल पांच बार खाता नहीं खोल पाये।

# टीम इंडिया को मिला हार्दिक का विकल्प, कमाल कर रहा शिवम का बल्ला

### --चौके-छक्कों से होती है शुरुआत, मैच में ठोंक रहा फिफ्टी पर फिफ्टी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम को अब हार्दिक पंड्या का विकल्प मिल गया है। क्रिकेट का धाकड़ ऑलराउंडर शिवम दुबे इन दिनों खूब चौके-छक्के मार रहा है। जानकार बता रहे हैं कि यदि चोटिल होने की वजह से हार्दिक बाहर भी रहते हैं तो टीम इंडिया को यह बल्लेबाज आईसीसी टी20 विश्व कप जिता देगा। जाहिर है कि शिवम ने आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले अपनी आखिरी सीरीज में गजब का खेल दिखाया है। तीन मैचों की सीरीज में लगातार दूसरी जीत दर्ज करने के साथ ही अफगानिस्तान के खिलाफ अजेय बढ़त से ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है। भारत के लिए अच्छी खबर यह है कि वर्ल्ड कप जैसे बड़े टूर्नामेंट से पहले ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का तगड़ा विकल्प मिल चुका है। लगातार चोटिल होने वाले इस खिलाड़ी को फिफ्टी पर फिफ्टी जड़ने वाला खूंखार ऑलराउंडर रिप्लेस करने को तैयार है। भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ उम्मीद के



मुताबिक धुंआधार खेल दिखाया है। तीन मैचों की सीरीज के शुरुआती दो मुकाबलों में एकतरफा जीत के साथ ही अजेय बढ़त हासिल कर ली है। पहला मैच 6 विकेट से जीतने के बाद दूसरे मुकाबले में भी इतनी ही बड़ी जीत दर्ज की।

हालांकि इन दोनों ही मुकाबले में भारत के लिए टीम में वापसी कर रहे ऑलराउंडर ने फिफ्टी लगाई है। इसी तरह रविवार 14 जनवरी को पहले बल्लेबाजी करते हुए 172 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में टीम इंडिया ने यशस्वी जायसवाल की तूफानी फिफ्टी के बाद शिवम दुबे की धुंआधार पारी के दम पर 15.4 ओवर में 4 विकेट गंवाकर ही जीत दर्ज कर ली। भारत के पास तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के तौर पर अब तक हार्दिक पंड्या पहली पसंद हुआ करते थे। डेब्यू के बाद से ही लगातार चोटिल होने की वजह से वह टीम से ज्यादातर बाहर ही बैठे हैं। अब आईसीसी टी20 विश्व कप में भी वह उपलब्ध नहीं हो पाए तो रोहित शर्मा के पास शिवम दूबे जैसा धाकड़ ऑलराउंड है जिसने वापसी के बाद मैच में टॉप फॉर्म दिखाया है।

बता दें कि टीम इंडिया के लिए 2019 में टी20 डेब्यू करने के बाद शिवम दुबे ने अब दमदार वापसी की है। अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज के पहले दो मैच में इस खिलाड़ी ने धमाकेदार बल्लेबाज कर लगातार फिफ्टी लगाई है। शिवम ने मोहाली टी20 में 40 गेंद पर नाबाद 60 रन और फिर इंदौर में 32 बॉल पर 63 रन की नॉटआउट पारी खेल इस ऑलराउंडर ने बेहतरीन वापसी की है। टी20 वर्ल्ड कप से पहले भारत के लिए वह विकेट भी चटका रहे हैं। उनका फॉर्म टीम इंडिया के लिए फैंस को राहत देने वाला है।

# मेस्सी 8वीं बार बने फीफा के सर्वश्रेष्ठ पुरूष खिलाड़ी, टाइब्रेकर मुकाबले में हालैंड को हराया

लंदन। अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी ने अर्लिंग हालैंड को टाइब्रेकर में हराकर फीफा के सर्वश्रेष्ठ पुरूष फुटबॉलर का पुरस्कार जीता। राष्ट्रीय टीम के कोचों, कप्तानों, चुनिंदा पत्रकारों और प्रशंसकों द्वारा आनलाइन की गई वोटिंग के आधार पर मेस्सी और हालैंड दोनों को 48 अंक मिले। टाइब्रेकर में फैसला राष्ट्रीय टीमों के कप्तानों द्वारा '5 प्वाइंट' स्कोर या पहले स्थान पर रखे जाने के आधार पर किया गया। मेस्सी को 15 साल में आठवीं बार यह पुरस्कार मिला है। काइलियान एमबाप्पे तीसरे स्थान पर रहे। कोई भी खिलाड़ी पुरस्कार लेने नहीं पहुंचा था। पेरिस सेंट जर्मेन छोड़कर इंटर मियामी से जुड़े मेस्सी ने पिछले साल अक्टूबर में हालैंड और एमबाप्पे को हराकर आठवीं बार बलोन डिओर पुरस्कार जीता था। महिला वर्ग में स्पेन की विश्व कप चैम्पियन ऐताना बोनमाती को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया । उन्होंने पिछले साल बलोन डिओर भी जीता था। वह विश्व कप और चैम्पियंस लीग दोनों में प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रही थीं। मैनचेस्टर युनाइटेड के कोच पेप गार्डियोला को पुरूष वर्ग में सर्वश्रेष्ठ कोच और इंग्लैंड की सरीना वीगमैन को महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ कोच का पुरस्कार मिला।



# इंडिया ओपन में जीत के साथ प्रणय की बेहतरीन शुरुआत, प्रियांशु ने लक्ष्य को बाहर किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के शीर्ष खिलाड़ी और आठवें वरीय एचएस प्रणय ने मंगलवार को इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत रोमांचक मुकाबले में सीधे गेम में जीत के साथ की जबकि प्रियांशु राजावत ने पुरुष एकल में पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए हमवतन लक्ष्य सेन को हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रणय ने दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी चीनी ताइपे के टिएन चेन चाउ को 42 मिनट में 21-6, 21-19 से हराया। टिएन चेन के खिलाफ प्रणय की 13 मैच में यह छठी जीत है। अगले दौर में दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय की भिड़ंत प्रियांशु से होगी जिन्होंने पहला गेम गंवाने के बाद पूर्व चैंपियन लक्ष्य को एक घंटा और 15 मिनट चले मुकाबले में 16-21, 21-16 21-13 से हराया।

दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय के खिलाफ टिएन चेन शुरुआत में बिलकुल भी लय में नजर नहीं आए। उन्होंने काफी सहज गलतियां की। वह कोर्ट से सामंजस्य बठाने में नाकाम रहे और उन्होंने कई बार कोर्ट के अंदर गिर रही शटल को छोड़ दिया। चीनी ताइपे के खिलाड़ी ने इसके अलावा कई शॉट नेट पर भीमारे। भारतीय खिलाड़ी की तेजी और सटीक शॉट का भी टिएन चेन के पास कोई जवाब नहीं था।

प्रणय ने मैच के बाद कहा, ''मैं अपनी योजना को अच्छी तरह से लागू करने में सफल रहा। उसे शुरुआती गेम में काफी परेशानी हो रही थी और वह कोर्ट से सामंजस्य नहीं बैठा पा रहा था जिसका मैंने फायदा उठाया। '' प्रणय ने मुकाबले की शानदार शुरुआत की और टिएन चेन की गलतियों का फायदा उठाकर 2-1 के स्कोर पर लगातार आठ अंक के साथ 10-1 की बढ़त बनाई। भारतीय खिलाड़ी ब्रेक के समय 11-2 से आगे था। प्रणय ने बढ़त को 13-2 किया और फिर इसे 16-4 तक पहुंचाया।

भारतीय खिलाड़ी ने 20-6 स्कोर पर 14 गेम प्वाइंट हासिल किए और फिर नेट पर आकर अंक जुटाते हुए पहला गेम आसानी से जीत लिया। दूसरे गेम में टिएन चेन ने शुरुआती दो अंक जुटाए लेकिन प्रणय ने लगातार चार अंक




के साथ 4-2 की बढ़त बनाई जिसमें क्रॉस कोर्ट स्मैश से जुटाए दो अंक भी शामिल थे। दूसरे गेम में भी हालांकि टिएन चेन ने पहले गेम की गलतियों को दोहराना जारी रखा। वह हालांकि इसके बावजूद प्रणय को अच्छी टक्कर देने में सफल रहे। उन्होंने क्रॉस कोर्ट स्मैश के साथ 7-6 की बढ़त बनाई और लगातार चार अंक के साथ ब्रेक तक 11-7 की बढ़त बनाने में सफल रहे। प्रणय ने इसके बाद कुछ शॉट नेट पर उलझाए और कुछ बाहर मारे जिससे टिएन चेन 14-8 से आगे हो गए।

# राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने वाले 11 खिलाड़ियों का डोपिंग के लिए प्रतिबंध घटाया गया



नयी दिल्ली। पिछले साल गोवा राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने वाले 11 खिलाड़ियों को डोपिंग आरोप तुरंत स्वीकार करने का फायदा मिला है और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने उनका प्रतिबंध घटाकर तीन साल कर दिया है। इन खिलाड़ियों में ट्रैक एवं फील्ड के तीन एथलीट कमलजीत कौर (100 मीटर और 200 मीटर), अजय कुमार (5000 मीटर और 10000 मीटर) और हरजोधवीर सिंह (5000 मीटर और 10000 मीटर) भी शामिल हैं, जिन्होंने 25 अक्टूबर से 9 नवंबर तक गोवा में राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लिया था। नाडा ने अपनी नवीनतम सूची में उन खिलाड़ियों के नाम दिए हैं जिनका प्रतिबंध घटाकर तीन साल कर दिया गया है। डोपिंग के दोषी पाए गए खिलाड़ियों पर अमूमन चार साल का प्रतिबंध लगाया जाता है। इन खिलाड़ियों में तीन भारोत्तोलक प्रियदर्शनी थुरम (मेफेन्टरमाइन), मिथलेश सोनकर (एसएआरएम एलजीडी-4033) और एक नाबालिग (मिथाइलटेस्टोस्टेरोन) भी शामिल हैं लेकिन यह पता नहीं चला है कि उन्होंने राष्ट्रीय खेलों में अपनी स्पर्धा में भाग लिया था या नहीं। राष्ट्रीय खेलों में सात भारोत्तोलक डोपिंग के दोषी पाए गए थे। इनमें राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता वंदना गुप्ता भी शामिल थी। इनके अलावा जिन अन्य खिलाड़ियों के प्रतिबंध की अवधि घटाई गई है उनमें पहलवान अनिल मलिक और साइकिलिस्ट अनीता देवी भी शामिल हैं।

# यशस्वी को मिला रोहित शर्मा से गुरुज्ञान, विराट कोहली से लिया बैटिंग का मार्गदर्शन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडिया वर्सेस अफगानिस्तान में भारत के मैच जीतने के बाद याशस्वी जायसवाल की खूब चर्चा हो रही है। उन्होंने भी रोहित शर्मा से मिले गुरुज्ञान और विराट कोहली से मिले मार्गदर्शन के बारे में बातचीत की। इंदौर में बैटिंग को लेकर एक बातचीत में यशस्वी ने कहा कि काफी मजा आया बैटिंग करने में और विकेट भी काफी अच्छा था। हमारे सामने अच्छा टारगेट था, तो मेरे दिमाग में यही था कि टीम को अच्छी शुरुआत देनी है। याशस्वी ने कहा कि उसके हिसाब से अगर मैं अच्छा स्टार्ट देता हूं तो मैं उसको जारी रखूं। मैं अच्छे शॉट्स खेलते रहूं, जिस पर रन आते रहें। फजलहक फारूखी को रनआउट करने पर उन्होंने कहा कि रनआउट को लेकर मैं थोड़ा कन्फ्यूज था कि मारूं कि नहीं मारूं? तो मैंने सोचा कि मैं पहुंच कर ही आउट कर सकता हूं। तो मैं दौड़ गया और गेंद स्टंप्स पर लगा दी। मैच के दौरान रोहित शर्मा के साथ बातचीत को लेकर यशस्वी ने कहा, वो बोलते हैं कि तू जा और बिंदास खेल, जो तेरे शॉट्स हैं। वो हमेशा हमारे लिए उपलब्ध रहते हैं और हमारा ध्यान रखते हैं, यह शानदार है अगर आपके पास ऐसे सीनियर खिलाड़ी हैं। याशस्वी ने कहा कि अभी मुझे और मेहनत करनी है और अच्छा प्रदर्शन करना है, तो मैं इसी में लगा हुआ हूं। यशस्वी ने विराट कोहली के साथ दूसरे विकेट के लिए 57 रनों की साझेदारी निभाई। विराट के साथ बैटिंग को लेकर कहा, विराट भइया के साथ बैटिंग करना हमेशा ही बहुत ही बढ़िया लगता है। उनके साथ बैटिंग करना गर्व की बात है। हमारी यही बात हो रही थी कि हम इस विकेट पर किस एरिया में शॉट खेल सकते हैं। वहीं शिवम दुबे के साथ छक्के लगाने को लेकर हो रही बातों पर यशस्वी ने कहा कि दोनों ही बड़े अच्छे छक्के मारते हैं।





# खुद के प्रयत्न से बनें हीरो

जिंदगी में कभी भी किसी की बात सुनकर हम अपनी इच्छाओं को मार कर उसकी कही हुई बातों को मानकर आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं। लेकिन रिजल्ट के तौर हमें मात्र निराशा के अलावा कुछ और प्राप्त नहीं होता। फिर हमारा जीवन कितना श्रेष्ठ बन जाय। तब हम कितने उत्कृष्ट बन जायं, परंतु हम अपने उत्साह को मंद हो जाने देते हैं, अपने निश्चय को टल जाने देते हैं और अपने संकल्प को नष्ट हो जाने देते हैं। यह आत्मवंचना है- यह अपने को ही धोखा देने वाली बात है कि मनुष्य यह सोचे कि मैं महान संकल्प करता हूं इसीलिए मैं महान कर्ता हूं।

मैं ऐसे एक व्यक्ति से परिचित हूं। यदि उसे कोई यह कह दे कि तुम कठोर परिश्रम नहीं करते हो तो वह इसमें अपना अपमान समझता है। पर एक योग्य मनुष्य होते हुए भी वह सफल नहीं हो सका। उसका सारा जीवन एक काम से दूसरे काम में और दूसरे से तीसरे काम में कूदते हुए बीता है। जल्दी-जल्दी काम बदलते रहने वाला मनुष्य सफल नहीं हो सकता। काम को बीच में ही छोड़ देने की आदत के चलते प्रबल से प्रबल कार्य की प्रवृत्ति नष्ट हो जाती है। जरूरत से ज्यादा से ज्यादा सावधानी और विश्वास का असर, ये दोनों कार्य प्रकृति के शत्रु हैं। जब हम उद्देश्य से प्रेरित होते हैं, तब काम करना कितना सरल होता है। उस समय उत्साह हमें अपने साथ दौड़ाते हुए ले जाता है परंतु जब हम कार्य के प्रति उत्साहहीन होते हैं, तब कार्य निरंतर टालते जाते हैं। निरुत्साह से कार्य करना मजबूरी है और उत्साह से कार्य करना खुशी की बात है। ज्ञान की प्यास और निरंतर प्रयत्न के द्वारा मनुष्य बुद्धिमान बनता है। श्रेष्ठ गुणों की कामना और प्रयत्न से वह संत बन जाता है और गौरवपूर्ण कायरे की आकांक्षा और प्रयत्न से जन नायक या हीरो बनता है। आकांक्षा और प्रयत्न के सहारे ही आप जैसा चाहें, वैसा बन सकते हैं। केवल इच्छा या कामना से ही कुछ नहीं होता।

# अपार संभावनाओं से भरा चार्टर्ड अकाउंटेंट क्षेत्र

पिछले कुछ सालों में भारत की अर्थव्यवस्था की स्थिति काफी अच्छी और बेहतर हो गई है। यही एक खास वजह है कि आज भारत पर सभी देश दांव लगा रहे हैं। इससे ना सिर्फ देश में युवाओं को बेहतर रोजगार उपलब्ध हो पा रहा है। बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारतवासियों का दबदबा कायम होता जा रहा है। इन सभी तथ्यों में सबसे महत्वपूर्ण है, फाइनेंस एवं अकाउंट्स। अगर यह ना हो तो समझ लो भारत किस दिशा में जा रहा है। या फिर कौन से देश की क्या स्थिति है किसी को भी मालूम नहीं पड़ सकेगी। इसलिए तेजी से विकास करती भारतीय अर्थव्यवस्था में फाइनेंस एवं अकाउंट्स से जुड़े कैरियर लोगों के आकर्षण का केंद्र बनते नजर आ रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों से मल्टीनेशनल कंपनियों के देश में आगमन से जॉब के क्षेत्र की रौनक भी बढ़ी है।

किसी भी संस्थान में चार्टर्ड अकाउंटेंट अथवा सीए का काम बेहद सम्मानजनक एवं चुनौतीपूर्ण होता है। वे उस संस्थान अथवा कंपनी से जुडे सभी अकाउंट एवं फाइनेंस संबंधी कार्यों के प्रति पूरी तरह से उत्तरदायी होते हैं। इसके अलावा इनका कार्य मनी मैनेजमेंट, ऑडिट अकाउंट का एनालिसिस, टैक्सेशन तथा फाइनेंशियल एडवाइज उपलब्ध कराने से भी संबंधित है। लेकिन सीए बनने का सपना तभी पूरा हो पाता है, जब छात्र इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इण्डिया काउंसिल द्वारा आयोजित कॉमन प्रॉफिशिएंसी टैस्ट (सीपीटी) में सफलता हासिल करें।

### कैसा है सीए का काम

कंपनी एक्ट के अनुसार केवल सीए ही भारतीय कंपनियों में बतौर ऑडिटर नियुक्त किए जा सकते हैं। इसका फायदा देख कर ही कई अंतरराष्ट्रीय कंपनियां चार्टर्ड अकाउंटेंसी के क्षेत्र में कदम रख रही हैं। देश की अर्थव्यवस्था को नियंत्रित करने, इससे जुड़े सिस्टम का ऑडिट और उसे सर्टिफाई करने का काम सीए के जिम्मे होता है।बैंक व शेयर से अलग हट कर विभिन्न टैक्सों के भुगतान का हिसाब-किताब भी सीए के जिम्मे होता है। बैंक भी अपना सालाना ऑडिट सीए से ही कराते हैं। किसी संस्था या व्यक्ति को लोन देने या शेयरों की खरीद-फरोख्त में भी बैलेंस शीट देखी जाती है।

### बारहवीं उत्तीर्ण होना जरूरी

इस परीक्षा में वही छात्र बैठ सकते हैं, जिन्होंने किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो। साथ ही उसने आईसीएआई में अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया हो। रजिस्ट्रेशन की फीस 1500 रुपए निर्धारित की गई है। इसमें ट्यूशन फीस भी शामिल है।

### दो है प्रश्न पत्र की संख्या

सीपीटी टैस्ट पेपर-पेंसिल बेस्ड टैस्ट है। यह परीक्षा एक ही दिन दो पेपरों के रूप में आयोजित की जाती है। पहला पेपर 10.30 से 12.30 तक, जबकि दूसरा सत्र 2.00 से 4.00 तक चलता है। दो घंटे के पहले पेपर में दो सेक्शनों अकाउंटिंग व मर्केटाइल पर प्रश्न पूछे जाते हैं और इसके लिए 100 अंक निर्धारित होते हैं, जबकि दूसरा पेपर भी दो घंटे और 100 अंकों का होता है।

### बहुविकल्पीय होते प्रश्न पत्र

पूछे जाने वाले प्रश्न बहुविकल्पीय होते हैं तथा छात्रों को कई विकल्पों में से किसी एक का चयन करना होता है। हिन्दी में प्रश्नों का उत्तर देने के लिए उन्हें बुकलेट में हिन्दी माध्यम का चयन करना होता है, जबकि अंग्रेजी माध्यम के छात्र अंग्रेजी भाषा का चयन कर सकते हैं।

### माइनस मार्किंग के फेर से बचें

सीपीटी में निगेटिव मार्किंग का प्रावधान है। गलत उत्तर दिए जाने पर एक चौथाई अंक काट लिया जाता है, इसलिए छात्र पहले उन्हीं प्रश्नों का जवाब दें, जो उन्हें अच्छी तरह से पता हों। जिनका जवाब नहीं मालूम है, उन्हें छोड़ कर आगे बढ़ जाएं। बाद में समय बचने पर उन पर एक सरसरी नजर डाल लें।



# बढ़ रही है भाषाई शिक्षकों की मांग

आजकल भाषाई शिक्षकों की मांग दिनों दिन बढ़ती रही है। अगर आप की किसी भाषा पर अच्छी पकड़ है तो आप के पास अवसरों की कमी नहीं है।इसी को देखते हुए आजकल युवा इस क्षेत्र में कैरियर बनाने लगे है। भाषा शिक्षक को उस देश की संस्कृति, समाज और इतिहास तथा लोगों का ज्ञान होना जरूरी है, जिस देश की भाषा का वह ज्ञान दे रहा है। अन्य शब्दों में इसके अतिरिक्त एक भाषा शिक्षक को न केवल सीखने वाले के स्तर, अभिरुचि, जरूरत व अपेक्षा का ध्यान रखना चाहिए, बल्कि उसे विभिन्न विदेशी भाषाओं को पढ़ाने के तरीकों, औजारों और माध्यमों का ज्ञान भी होना चाहिए। बढ़ते वैश्वीकरण ने ऐसे लोगों की मांग बढ़ा दी है, जो दूसरी भाषाओं में बातचीत कर सकें। इसी के चलते भाषा विशेषज्ञों की मांग तेजी से बढ़ रही है।

### शुरूआती पारिश्रमिक

भाषा शिक्षकों को प्रति घंटे के आधार पर भुगतान किया जाता है, जो 600 से 700 रुपये हो सकता है। यह प्रत्येक संस्थान के हिसाब से अलग होता है। जापानी, कोरियाई इत्यादि भाषा के ग्रेजुएट केंद्रीय विश्वविद्यालयों में पढ़ाने वाले शिक्षकों से तीन से चार गुना अधिक वेतन प्राप्त करते हैं।

### कैसे हासिल करें मुकाम

संबद्ध विदेशी भाषा में स्नातकोत्तर डिग्री या समकक्ष योग्यता के बाद विदेशी भाषा को पढ़ाने के लिए एमफिल/ पीएचडी एक अनिवार्य योग्यता है, खासकर यूरोपीय भाषाओं के लिए।पूर्व एशियाई भाषाओं जैसे जापानी, चीनी, कोरियाई के लिए न्यूनतम अपेक्षित योग्यता स्नातकोत्तर डिग्री है। एक साल में दो बार होने वाली यूजीसी की नेट परीक्षा को पास करना अनिवार्य है। किसी निजी संस्थान में कोई भी विदेशी भाषा का शिक्षक बन सकता है, जो पढ़ाने में रुचि रखता हो और संबद्ध भाषा का पर्याप्त ज्ञान उसके पास हो।




# फाइनेंशियल प्लानिंग सेविंग का भविष्य

इस आधुनिक जमाने में जहां एक ओर लोगों के पास सभी जरूरी आयामों के ऑप्शन बड़ी आसानी से पहुंच रहे हैं। वहीं दूसरी ओर इसका असर लोगों के ही जेब पर पड़ रहा है। ऐसे में एक क्षेत्र ऐसा है जिसमें आप अपने कैरियर को नया मोड़ दे सकते हैं। वर्ल्ड के फास्टेस्ट ग्रोइंग प्रोफेशंस में से एक है फाइनेंशियल प्लानिग। इस सेक्टर में बढ़ते अवसरों को देखते हुए बडी संख्या में यंगस्टर्स इसमें कैरियर बनाने की सोच रहे हैं। वैसे तो दूसरों के फाइनेंसेज को मैनेज करना काफी चैलेंजिग है। टैक्स कैसे सेव किया जाए, बेस्ट इंश्योरेंस स्कीम कौन सी है, किस फंड में इनवेस्ट करना बेहतर होगा, कौन सा स्टॉक सेल करने पर फायदा होगा, कौन नहीं और रिटायरमेंट के बाद कैसे फाइनेंशियल जरूरतों को पूरा करेंगे। इससे रिलेटेड तमाम ऐसी एडवाइस एक कस्टमर को फाइनेंशियल एडवाइजर ही देता है। जाहिर है, ये थोड़ा ट्रिकी है, लेकिन यूथ इसे एक्सेप्ट कर आगे बढ़ रहा है।

### जरूरी योग्यता

एक फाइनेंशियल एडवाइजर अपने क्लाइंट्स के डायरेक्ट कॉन्टैक्ट में रहता है। उसकी रिस्पॉन्सिबिलिटी होती है कि वह कस्टमर को इनवेस्टमेंट के न्यू प्रॉस्पेक्ट्स के बारे में बताए, यानी सिर्फ सेविंग, लोन चुकाने या रिटायरमेंट की ही प्लानिग नहीं, बल्कि एक फाइनेंशियल एडवाइजर बेस्ट स्ट्रेटेजी बनाता है। ऐसे में उसे ऑफिस इक्विपमेंट्स (कंप्यूटर, फैक्स मशीन, कैलकुलेटर) की अच्छी जानकारी होना बहुत जरूरी हैं। इसके साथ ही उनके पास स्ट्रॉन्ग रिटेन और ओरल कम्युनिकेशन स्किल होना भी बहुत जरूरी है।

### शुरुआती पारिश्रमिक

फाइनेंशियल सलाहाकार के तौर पर करियर की शुरुआत करने पर ज्यादातर कंपनियां सैलरी के साथ-साथ कमीशन भी देती हैं। वैसे, शुरुआती दौर में सैलरी 15 हजार से 30 हजार रुपये प्रति माह हो सकती है। वहीं, एक्सपीरियंस्ड प्रोफेशनल्स की सैलरी 1.5 से 2 लाख रुपये महीने हो सकती है।



### शैक्षणिक योग्यता

फाइनेंस सेक्टर में करियर बनाने के लिए आप कैट एग्जाम के जरिए इंडिया के किसी भी अच्छे कॉलेज में दाखिला ले सकते हैं। इस सेक्टर में हायर एजुकेशन के लिए किसी भी स्ट्रीम में बैचलर डिग्री का होना जरूरी है। वैसे, पहले केवल कॉमर्स के स्टूडेंट ही इस क्षेत्र में कैरियर बनाते थे, लेकिन इसमें बढते स्कोप को देखते हुए बीएससी (मैथ-बायो), बीए, बीबीए और बीई के स्टूडेंट भी अब रुचि ले रहे हैं। इस सेक्टर में कैरियर बनाने के लिए आप चाहें तो एमबीए इन फाइनेंस, एमएस इन फाइनेंस, मास्टर डिग्री इन फाइनेंशियल इंजीनियरिंग, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फाइनेंस, मास्टर्स इन कमोडिटी एक्सचेंज आदि जैसे कोर्स कर सकते हैं।

### रोजगार का भविष्य

बाजार में ऑप्शंस फाइनेंशियल एडवाइजर किसी कंपनी में अकाउंटेंट, ऑडिटर, इकोनॉमिस्ट, इंश्योरेंस सेल्स एजेंट, इंश्योरेंस अंडरराइटर, लोन ऑफिसर, पर्सनल फाइनेंशियल एडवाइजर, टैक्स इंस्पेक्टर, रेवेन्यू एजेंट के तौर पर काम कर सकते हैं। फाइनेंस में ग्रेजुएशन करने के बाद आप किसी फाइनेंशियल न्यूज पेपर, मैगजीन में रिपोर्टर या फाइनेंशियल एनालिस्ट के रूप में काम कर सकते हैं।

बैंक, इंश्योरेंस और ट्रेडिग कंपनियां अपने फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स जैसे लोन, इंश्योरेंस, शेयर, बॉन्ड्स और म्युचुअल फंड को बेचने के लिए फाइनेंशियल एडवाइजर्स को अप्वाइंट करती हैं। विदेशों में भी फाइनेंशियल एडवाइजर्स की मांग काफी ज्यादा है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in